दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। शुक्रवार 31 अक्टूबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 312 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## पीएम नरेंद्र मोदी ने 1220 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया



### एकता नगर में ई-बसों को दिखाई हरी झंडी

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पीएम मोदी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर दो दिन के दौरे पर आए हैं। जहां करीब शाम पांच बजे वडोदरा एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सीधा सड़क मार्ग से एकता नगर के लिए रवाना हुए। इसके बाद पीएम मोदी एकता नगर पहुंचने पर यहां ई-बसों को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकता नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर स्मारक सिक्के और डाक टिकट जारी किए। वहीं एकता नगर और राजपीपला में 1,220 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इसके बाद पीएम मोदी अगले दिन 31 अक्तूबर की सुबह 8 बजे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। साथ ही भव्य परेड और अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (30 अक्तूबर) को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दौरा कर एकता नगर में 16 नई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिन परियोजनाओं की पीएम मोदी ने सौगात दी, उनमें एकता द्वार से नर्मदा माता की प्रतिमा तक का पैदल मार्ग का दूसरा चरण, स्मार्ट बस स्टॉप, वियर डैम के पास प्रोटोकॉल वॉल भूमि समतलीकरण, सातपुड़ा सुरक्षा दीवार, बोन्साई गार्डन, ई-बस चार्जिंग स्टेशन, नर्मदा घाट पार्किंग, नया आवासीय भवन, मोखड़ी के पास एप्रोच मार्ग, कौशल्या पथ, लिमडी टेंट सिटी पहुंच मार्ग, गार्डन, टाटा नर्मदा घाट का विस्तार।

## गाजियाबाद में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर, दिनभर नहीं दिखा सूरज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता लगातार बिगड़ती जा रही है और गाजियाबाद में हालात चिंताजनक बने हुए हैं। गुरुवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 350 के पार दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। भारी स्मॉग और धूल की परत के कारण पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए और मौसम में हल्की ठंडक महसूस की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, गाजियाबाद में वायु प्रदूषण 362 रिकॉर्ड किया गया, जबकि नोएडा में 372 और ग्रेटर नोएडा में 330 रहा। प्रदूषण स्तर 300 पार होते ही प्रशासन ने ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान ग्रेप का दूसरा चरण लागू कर दिया है। सुबह के समय शहर की सड़कों पर धूल और धुंध का मिश्रण स्पष्ट दिखाई दिया। प्रदूषित हवा में मौजूद पीएम-2.5 और पीएम-10 कणों की अधिकता के चलते लोगों को सांस लेने में दिक्कत, गले और आंखों में जलन की शिकायतें सामने आ रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए यह स्थिति बेहद घातक है। प्रदूषण से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

मौसम विभाग के अनुसार, हवा की रफ्तार धीमी होने और तापमान गिरने के कारण प्रदूषक कण जमीन के पास जमा हो रहे हैं। अगले दो से तीन दिनों तक हालात में सुधार की संभावना कम है।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह

- सुबह-शाम बाहर निकलने से बचें
- एन-95 मास्क पहनें
- बच्चों और बुजुर्गों को प्रदूषण से दूर रखें
- घर में एयर प्यूरीफायर या पौधों का उपयोग बढ़ाएं
- प्रशासन ने नागरिकों से वाहन कम उपयोग करने, कचरा न जलाने और निर्माण सामग्री को ढककर रखने की अपील की है।

## आज एकता का संदेश देते हुए दौड़ेगा गाज़ियाबाद

### पुलिस लाइन में दौड़ेंगे पुलिसकर्मी, तो भाजपा निकालेगी भव्य एकता यात्रा

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आज गाज़ियाबाद में एकता और राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद और भारतीय जनता पार्टी दोनों ही स्तर पर शहर में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे, जिनका उद्देश्य राष्ट्र की अखंडता, एकता और राष्ट्रीय चरित्र को मजबूत करना है। पुलिस लाइन में रन फॉर यूनिटी होगी। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद की ओर से सुबह पुलिस लाइन में सुबह 7:30 बजे रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी शाखाओं के पुलिसकर्मी तथा अधिकारी शामिल होंगे। इसके अलावा, सिटी जोन, ट्रांस-हिंडन जोन और ग्रामीण जोन में भी एकता दौड़ व प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। इस दौरान पुलिस कर्मियों को सरदार पटेल के एकता, अनुशासन और राष्ट्र-निष्ठा के संदेश से प्रेरित किया जाएगा। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए पुलिस बल समाज में सामाजिक एकता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करेगा।



## भाजपा आज निकालेगी भव्य एकता यात्रा

करंट क्राइम : उधर, भारतीय जनता पार्टी महानगर गाज़ियाबाद द्वारा भी शुक्रवार को एक भव्य एकता यात्रा / यूनिटी मार्च निकाला जाएगा। कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में आयोजित होगा। जिसमें विंटेज कार पर भारत माता की भव्य झांकी, देशभक्ति गीत एवं उद्घोष सांस्कृतिक झांकियाँ, नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और स्काउट्स की सहभागिता रहेगी। सुबह 10:00 बजे सरदार पटेल वाटिका, मोहन नगर से शुरुआत होगी तो समापनः शहीद स्मारक (महामाया स्टेडियम के पास) होगा। इस यात्रा में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और सांसद अतुल गर्ग शामिल रहेंगे। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करना है। पुलिस की एकता दौड़ और भाजपा की एकता यात्रा – दोनों कार्यक्रमों का मुख्य संदेश यही है कि राष्ट्र की शक्ति एकता में निहित है, और सरदार पटेल का जीवन इसके सर्वोत्तम आदर्श हैं।



## एमएलसी चुनाव की तैयारियों में गजब दिख रहा है एमएलसी दिनेश गोयल का जोश

## चार जिले और दो दिन के लगातार प्रवास ने उड़ाए दावेदारों के होश






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा एमएलसी चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। उसने एमएलसी चुनाव के लिए संयोजक नियुक्त कर दिये हैं। स्नातक कोटे से एमएलसी दिनेश गोयल के लिए ये एक उपलब्धि ही कही जायेगी और ये उनके व्यक्तित्व का भी असर है कि पार्टी ने एमएलसी रहते हुए उन्हें एमएलसी चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी है। एमएलसी चुनाव की पूरी रणनीति को संभाल रहे एमएलसी दिनेश गोयल अब क्षेत्र में ताबड़तोड़ बैठकें कर रहे हैं। बीते दिनों उन्होंने लगातार बागपत, शामली, सहारनपुर और मुज्जफरनगर में एमएलसी चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की है। एमएलसी दिनेश गोयल का ये अंदाज है कि वो दी गयी जिम्मेदारी को बेहद कर्मठता के साथ पूरा करते हैं। विगत दिनों उनके पैर में स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने के कारण वो ज्यादा चलने फिरने से खुद को थोड़ा बचाकर चल रहे थे। अब वो पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्होंने तैयारियों की कमान अपने हाथ में ले ली है। 27 अक्टूबर को एमएलसी दिनेश गोयल ने अपना दौरा शुरू किया और उन्होंने बागपत, शामली, सहारनपुर और मुज्जफरनगर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली। उन्होंने इन्हीं क्षेत्रों में दो दिन रात्री प्रवास भी किया। क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर के साथ उन्होंने इन जिलों में एमएलसी चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा की। क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर को एमएलसी चुनाव के लिए स्नातक क्षेत्र में चुनाव संयोजक बनाया गया है। समीक्षा बैठक में इस बात की गहन समीक्षा की गयी कि इस जिले में एमएलसी चुनाव को लेकर कितनी नई वोट बनवाई गयी हैं। किस कार्यकर्ता ने किस बूथ पर कितनी नई वोटें बनवाई हैं। वोटों के गणित से ही भाजपा चुनावी ताकत का आंकलन करेगी। इसके लिए वो लगातार अपने संयोजकों के साथ एमएलसी चुनाव से जुड़ी बैठक ले रही है। शामली में उन्होंने उपाध्यक्ष वेदपाल तथा पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल के साथ समीक्षा बैठक की। सहारनपुर में जिलाध्यक्ष डा. महेन्द्र सैनी तथा महानगर अध्यक्ष शीतल बिशनोई के साथ एमएलसी चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। इसी तरह मुज्जफरनगर में जिलाध्यक्ष विजय सैनी और सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने एमएलसी चुनाव को लेकर एक एक बिंदु पर सभी पदाधिकारियों से चर्चा की। एमएलसी दिनेश गोयल अब क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहे हैं, वो बैठक कर रहे हैं, वो चुनावी तैयारियों में जुटे हैं। घुटने की चोट से उभरने के बाद अब एमएलसी दिनेश गोयल मैदान में आ गये हैं।




# जानलेवा हमले के बाद पार्षद शीतल चौधरी को मिली सुरक्षा, जांच में जुटी कई टीमें

## सीसीटीवी फुटेज, फोन लोकेशन और हमलावरों की जानकारी जुटा रही है पुलिस

### - अगले 24 घंटे में आ जाएगी फॉरेंसिक की जांच रिपोर्ट

करंट क्राइम फॉलोअप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-09 से महिला पार्षद शीतल चौधरी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस के हाथ 24 घंटे बाद भी खाली हैं। इस मामले में भले मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा लिखकर जांच शुरू कर दी हो, लेकिन पुलिस को अभी तक कोई भी अहम सुराग नहीं मिले हैं। उधर हमला होने के बाद पुलिस ने भाजपा नेताओं के दबाव और महिला पार्षद की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें सुरक्षा मुहैया करवा दी है। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात भी सुरक्षाकर्मी महिला पार्षद के घर रहे। वहीं डीसीपी सिटी ने जिस तरीके से इस पूरे घटनाक्रम के बाद घटनास्थल का निरीक्षण किया था, उसने मामले की गंभीरता को स्पष्ट दशार्या है।

डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने जानकारी दी है कि इस पूरे मामले में पुलिस ने पार्षद शीतल चौधरी की क्रेटा गाड़ी को फोरेंसिक जांच के लिए निवाड़ी एफएसएल भेजा है। जिसकी रिपोर्ट अगले 24 से 48 घंटे के बीच फाइनल आ सकती है। तो वहीं उन्होंने जानकारी दी है कि इस पूरे मामले के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया गया है, जो सीसीटीवी फुटेज, फोन की लोकेशन और हमलावरों का सुराग लगाने में जुटी हुई हैं।





### पांच किलोमीटर के कैमरों की फुटेज और लोकेशन खोलेंगे घटना के कई राज

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में जहां मधुबन बापूधाम थाना पुलिस जांच कर रही हैं। तो वहीं डीसीपी सिटी की क्राइम टीम भी मदद करने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि जिस रास्ते से पार्षद सेक्टर-23 अपनी बहन के घर जा रही थीं और रास्ते में रईसपुर कमला नेहरू नगर मार्ग पर उन पर क्रेटा कार में जानलेवा हमला हुआ, उस पूरे मार्ग का लगभग 5 किलोमीटर का डंप और डाटा पुलिस की टीमों ने जांच के लिए एकत्रित किया है। वहीं पांच किलोमीटर के इलाके की सीसीटीवी फुटेज और महत्वपूर्ण टावरों की लोकेशन भी जांच में शामिल की गई है।

### पुराने विवाद और लूटपाट के मकसद की भी हो रही है जांच

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस पूरे मामले में पुलिस पार्षद के साथ कुछ लोगों का जो बीते दिनों अतिक्रमा हटाने और वीडियो को लेकर विवाद चल रहा था, उसको भी जांच के घेरे में लाया गया है। तो वहीं जिस स्थान और मार्ग पर पार्षद शीतल चौधरी के साथ फायरिंग वाला मामला हुआ है वह रात के समय बेहद सुनसान रहता है। भीड़भाड़ नहीं रहती है और कैमरे भी नहीं हैं, पुलिस इस बात को भी जांच में लेकर चल रही है कि कहीं किसी ने लूटपाट के इरादे से तो उनके साथ इस घटना को अंजाम नहीं दिया है। उधर शीतल चौधरी और पार्टी से जुड़े लोग बता रहे हैं की घटना के बाद से वह बेहद डरी हुई हैं।

### पुलिस को नहीं मिला मौके से खोखा



करंट क्राइम : पुलिस के बेहद करीबी सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस पूरे मामले की जब डीसीपी स्तर के अधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच की, तो मौके से पुलिस को अबतक कोई खोखा नहीं मिला है। हालांकि पीड़िता ने जो मुकदमा दर्ज कराया है, उसमें फायरिंग का जिक्र किया गया है। पुलिस की शुरूआती जांच के बाद इस पूरे मामले की कई कोंण से जांच की जा रही है। इसमें पार्षद का स्थानीय विवाद और उनको डराने के लिए जानलेवा हमला किए जाने से भी जोड़कर देख रही है।



### पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने दिया है जनप्रतिनिधियों को उचित जांच और कार्रवाई का भरोसा

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी की महिला पार्षद पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारियों ने भी जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर इस पूरे मामले में विधिक जांच और साक्ष्य आधारित रिपोर्ट सामने आने की बात की है। तो वहीं उन्होंने जनप्रतिनिधियों को इस बात का भी भरोसा दिया है कि इस मामले में कार्रवाई शत प्रतिशत की जाएगी। बता दें कि बुधवार की रात भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-09 से महिला पार्षद शीतल चौधरी की क्रेटा कार पर फायरिंग कर जानलेवा हमले का प्रयास किया गया था। गनीमत रही थी कि उनको किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा, वह बुधवार को दादरी में एक कार्यक्रम में भाग लेकर सेक्टर-23 में रहने वाली अपनी बहन के घर जा रही थीं। जिस दौरान उनके साथ कमला नेहरू नगर रईसपुर मार्ग पर यह घटना घटित हुई थी।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का कहर

## पीएम 2.5 के कारण 2022 में देश में 17 लाख से ज्यादा मौतें

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली-एनसीआर में व्यापक रूप से वायु प्रदूषण का असर देखा जा रहा है। विशेषकर दिवाली के बाद से दिल्ली की हवा लगातार प्रदूषित होती जा रही है। गुरुवार (30 अक्तूबर) को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 पार हो गया है। हवा में बढ़ते सूक्ष्मकण (पीएम 2.5) को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट करते हैं। अध्ययनों में पीएम 2.5 के कारण होने वाले कई दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को लेकर अलर्ट किया गया है। इससे हृदय रोगों से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा हो सकता है।



इसी से संबंधित एक हालिया अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकताओं ने पीएम 2.5 के कारण होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों को लेकर सावधान किया है। द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, मानव-जनित पीएम 2.5 प्रदूषण के कारण साल 2022 में भारत में 17 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई। साल 2010 की तुलना में मौत के मामलों में 38 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इतना ही नहीं जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी 44 प्रतिशत मौतों का कारण बना।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने तेजी से बढ़ते प्रदूषण और इसके कारण होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर सभी लोगों को अलर्ट किया है।

'द लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025 की रिपोर्ट' में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के कई स्रोत हैं और इसका संपूर्ण स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक असर देखा जा रहा है।

उदाहरण के लिए सड़क परिवहन के लिए पेट्रोल के उपयोग से होने वाले प्रदूषण ने 2.69 लाख लोगों की जान ले ली। अनुमान यह भी बताते हैं कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण 2022 में हुई समय से पहले मृत्यु के चलते 339.4 बिलियन अमरीकी डॉलर का वित्तीय नुकसान भी झेलना पड़ा जोकि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 9.5 प्रतिशत था।


इससे स्पष्ट होता है कि वायु प्रदूषण स्वास्थ्य के साथ आर्थिक रूप से भी संकट बढ़ाता जा रहा है।

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के नेतृत्व में 71 शैक्षणिक संस्थानों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के 128 विशेषज्ञों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने ये रिपोर्ट तैयार की है। लेखकों ने कहा कि 30वें संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (कॉप30) से पहले प्रकाशित यह रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के बीच संबंधों का अब तक का सबसे व्यापक आकलन प्रस्तुत करती है।

दिल्ली में वायु प्रदूषण के लगातार उच्च स्तर को देखते हुए ये निष्कर्ष महत्वपूर्ण हैं। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से वायु गुणवत्ता ₹खराब₹ और ₹बेहद खराब₹ के बीच बनी हुई है।

# गृह मंत्री अमित शाह बोले- कांग्रेस की वजह से सरदार पटेल को भारत रत्न मिलने में 41 साल देरी हुई

**पटना।** गृह मंत्री अमित शाह ने भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पटना में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि 31 अक्तूबर को लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती है। सरदार पटेल के कारण ही आज भारत एक हो पाया। आज के भारत के निर्माण में उनका बहुत बड़ा योगदान है। सरदार पटेल की जयंती पर 2014 से हर साल पीएम मोदी 31 अक्तूबर को केवरिया कॉलोनी जाते हैं। सरदार पटेल की प्रतिमा के सामने भव्य परेड होता है। अब गृह मंत्रालय ने तय किया है कि हर साल 31 अक्तूबर को भव्य परेड का आयोजन होगा। यह परेड देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए है। यह परेड सभी राज्यों की पुलिस बल और केंद्रीय पैरा मिलिट्री फोर्स के सम्मान में है। उनकी प्रतिमा के सामने यह परेड आयोजित होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 26 जनवरी की तर्ज पर अब हर 31 अक्तूबर को परेड का आयोजन किया जाएगा। यह परेड एकता और अखंडता का संदेश देगा।





**'सरदार ने पाकिस्तान कॉरिडोर बनाने की मनसा को नाकाम किया'** : इस बार देश के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, जिला, पुलिस स्टेशन, स्कूल, कॉलेज में रन फॉर यूनिटी का आयोजिन हुआ। इस बार 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारत पर्व का आयोजन एकता नगर में है। यह एक नवंबर से 15 नवंबर तक चलेगा। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) तक यह चलेगा। 15 नवंबर को भव्य कार्यक्रम के साथ इसका समापन होगा। इसमें देश भर की जनजातियों के लोग शामिल होंगे। हम सभी जानते हैं कि सरदार पटेल देश के लिए एक व्यक्ति नहीं विचारधारा हैं। उन्होंने आजादी के आंदोलन में प्रमुख सेनानी की भूमिका निभाई। 1928 का सत्याग्रह के बाद महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार की उपाधि दी थी। उन्होंने भारत के 562 रियासत को एक कर भारत को एक किया। आज भारत का मानचित्र सरदार पटेल की ही देन है। जहां भी जो समस्या आई, उसका सरदार पटेल ने निवारण किया।

# पीएम बोले- बिहार में दो युवराजों ने झूठे वादों की दुकान खोली

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मुजफ्फरपुर की जनसभा राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में दो युवराजों ने झूठे वादों की दुकान खोल रखी हैं। एक भारत के सबसे भ्रष्ट परिवार का युवराज है। वहीं दूसरा बिहार के सबसे भ्रष्ट परिवार का युवराज है। यह दोनों ही हजारों करोड़ों के घोटाले पर जमानत है। इन दोनों ने बुधवार को मोदी को भर-भर के गालियां दीं। अब जो लोग नामदार हैं, वह इस कामदार को गालियां तो देंगे ही। मुझे गाली दिए बिना, इनका खाना हजम नहीं होता है। दलित और पिछड़ों को गाली देना तो यह नामदार अपना जन्म सिद्ध अधिकार समझते हैं। इसलिए 24 घंटें यह लोग मुझे गंदी-गंदी गालियां देते रहते हैं। इसलिए क्योंकि इन्हें बर्दाश्त नहीं होता कि एक पिछड़ा का बेटा और चाय बेचने वाला आज यहां पहुंच गया। गालियां देने वाले कान खोलकर सुन लो, यह गरीब का बेटा जनता के आशीर्वाद से यहां तक पहुंचा है।




**'इस चुनाव में राजद और कांग्रेस की सबसे बड़ी हार होने जा रही है'** : पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस का झगड़ा आज की असली खबर है। अब इनका रिश्ता तेल और पानी की तरह हो चुका है। बिहार में हर तरफ से खबरें आ रही हैं कि कैसे राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक-दूसरे से दुश्मनी निकाल रहे हैं। जमानत पर चल रहे दोनों युवराजों ने बुधवार को यह दिखाने की कोशिश की कि इनके बीच मनमुटाव नहीं है। इन्हें जो चीज एक साथ ले आई है, वो है सत्ता का लालच। इन्हें किसी भी तरह बिहार की सरकार पर कब्जा करना है। ताकि यह लोग फिर से बिहार को लूट सके हैं। फिर से जंगलराज वापस ला सकते हैं।

**पीएम मोदी ने पूछा- इन दोनों युवराजों को बिहार लूटने देंगे क्या?** : पीएम मोदी ने जनता से पूछा कि आप बताइए क्या आप जमानत पर निकले इन दोनों युवराजों को बिहार लूटने देंगे क्या?

साथियों आज हर सर्वे में एक बात खुलकर सामने आ रही है कि इस चुनाव में राजद और कांग्रेस की सबसे बड़ी हार होने जा रही है। सारे सर्वे बता रहे हैं कि एनडीए की सबसे बड़ी जीत होने जा रही है। इसी चुनाव में अब तक की सबसे कम सीटें मिलने जा रही है। एक नया इतिहास बिहार की जनता बनाने जा रही है। अपने घोषणा पत्र में यह लोग केवल झूठ बोल रहे हैं। यह लोग इतना फेंक रहे हैं कि इनके समर्थकों को इनकी बात पर यकीन नहीं हो रहा है। लोग सोशल मीडिया पर इनका मजाक बना रहे हैं।

# जमीन को कब्जामुक्त कराने पहुंची अफसरों की टीम पर हमला

## पथराव कर एसडीएम की गाड़ी तोड़ी




**अलीगढ़।** अलीगढ़ महानगर के असदपुर-कयामपुर इलाके में बुधवार शाम सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने पहुंची नगर निगम व तहसील कोल की टीम का ग्रामीणों ने विरोध कर दिया। टीम जब वापस जाने लगी तो प्रवर्तन दल की गाड़ी को घेरकर उसमें तोड़फोड़ कर दी गई।

इसी बीच वहां से गुजर रहे एसडीएम अतरौली सुमित सिंह की गाड़ी पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया। भीड़ के घिरने पर एसडीएम ने डेढ़ किमी तक दौड़ लगाई। खबर पर पहुंचे आला अधिकारियों व फोर्स ने स्थिति को नियंत्रित किया। अभी तक चार लोग हिरासत में ले लिए हैं।

**एक महिला ने दिया सहायक नगर आयुक्त को धक्का**

घटनाक्रम शाम करीब चार बजे के आसपास का है। नगर निगम सीमा में नए शामिल हुए गांव असदपुर-कयामपुर की बाहरी आबादी झोपड़ी वाले इलाके में सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायत नगर निगम तक पहुंची थीं। इस शिकायत पर नगर निगम ने राजस्व अभिलेखों से गाटा नंबर 328 में 1730 वर्गमीटर भूमि सरकारी पाई।

फिर एसडीएम कोल को कब्जा हटवाने के संबंध में कई पत्राचार किए। इसी पत्राचार के क्रम में बुधवार को खुद सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, एसडीएम कोल महिमा सिंह प्रवर्तन टीम व अन्य स्टाफ संग वहां पहुंच गए। उन्होंने संपत्ति पर लगी बाउंड्री जेसीबी से गिराना शुरू कर दिया।

एक दरवाजा गिरा दिया। इस पर वहां इलाके की तमाम महिलाएं व पुरुष आकर इस कार्रवाई का विरोध करने लगे। लोग इसे अपनी संपत्ति बताने लगे। वहां विरोध के चलते हंगामे की स्थिति बनने लगी। ग्रामीण अधिकारियों से नोकझोंक व धक्कामुक्की तक करने लगे।

एक महिला ने सहायक नगर आयुक्त को धक्का तक दे दिया। विरोध व भीड़ को उग्र होता देख नगर निगम व तहसील की टीम वापस जाने लगी तो वहां भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। अधिकारी जब जाने लगे तो भीड़ ने प्रवर्तन दल की गाड़ी को घेरकर पथराव कर उसमें तोड़फोड़ कर दी।

इसी बीच एसडीएम अतरौली सुमित सिंह, गाड़ी चालक सोनू व होमगार्ड अमरीश संग इस रास्ते से निकल रहे थे।

भीड़ ने एसडीएम लिखी गाड़ी देख उन्हें भी इसी प्रवर्तन टीम का हिस्सा समझ उनकी गाड़ी पर हमला करते हुए पथराव कर दिया। चालक कुछ समझ पाता व गाड़ी मोड़कर वापस लेने का प्रयास करता। तब तक उनकी गाड़ी को घेर लिया और हमलावर हो गए।

# एमसीडी उपचुनाव : सीएम रेखा गुप्ता सरकार की पहली बड़ी परीक्षा

## भाजपा ने सांसदों को रखा बाहर, मंत्रियों-विधायकों पर भरोसा

**नई दिल्ली।** एमसीडी के 12 वार्डों में होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने सांसदों को औपचारिक जिम्मेदारियों से दूर रखते हुए सारा भरोसा मंत्रियों और विधायकों पर जताया है। संगठन ने साफ संदेश दिया है कि उपचुनाव रेखा गुप्ता सरकार की पहली बड़ी परीक्षा है और इसे पूरी गंभीरता से लड़ा जाएगा।



भाजपा ने दिल्ली सरकार के सभी छह मंत्रियों को दो-दो वार्डों का प्रभारी (इंचार्ज) बनाया है। विधायकों और प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों को एक-एक वार्ड का संयोजक नियुक्त किया गया है। इन प्रभारी और संयोजकों को बूथ स्तर तक की निगरानी, मतदाता संपर्क और प्रचार की रणनीति तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि भाजपा चाहती है कि मंत्री और विधायक सीधे जनता के बीच जाकर सरकार के कामकाज को बताएं। सांसदों को किसी वार्ड की औपचारिक जिम्मेदारी नहीं दी गई है, हालांकि सांसदों पर अपने संसदीय क्षेत्र के वार्डों में प्रचार और कार्यकताओं को उत्साहित करने की जिम्मेदारी रहेगी।

महिला मोर्चा छोड़कर प्रत्येक मोर्चे के प्रदेश पदाधिकारी को एक-एक वार्ड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनसे कहा गया है कि वे अपने मोर्चे से जुड़े वर्ग युवा, अनुसूचित जाति, व्यापारी आदि के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाएं। उम्मीदवार चयन प्रक्रिया पर भी तेजी से काम हो रहा है। भाजपा ने तय किया है कि प्रत्याशी के नाम जिला अध्यक्ष, स्थानीय विधायक और संबंधित सांसद की राय से तय होंगे और उन्हें तीन नवंबर तक प्रदेश नेतृत्व को भेजना होगा। नामांकन प्रक्रिया उसी दिन से शुरू हो जाएगी, इसलिए पार्टी चाहती है कि उम्मीदवार समय रहते मैदान में उतरें और प्रचार को गति दें।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और संगठन महामंत्री पवन राणा रणनीति तय कर रहे हैं। उन्होंने सभी प्रभारी और संयोजकों को निर्देश दिया है कि वे मतदाता सूची, बूथ प्रबंधन, पन्ना प्रमुखों और कार्यकर्ता बैठकों को नियमित रूप से संचालित करें। भाजपा चाहती है कि 30 नवंबर को होने वाले इन उपचुनावों में अधिकतम सीटें जीतकर यह साबित करे कि दिल्ली की जनता रेखा गुप्ता सरकार के कामकाज पर भरोसा रखती है।

**स्थानीय चेहरों पर पार्टी लगाएगी दांव** : भाजपा के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि इस बार पार्टी स्थानीय चेहरों पर दांव लगाएगी। वह वार्ड स्तर पर सक्रिय और जनता से गहरा जुड़ाव रखने वाले नेताओं को टिकट देगी। पार्टी का मानना है कि यह उपचुनाव केवल चेहरों का नहीं बल्कि भाजपा की ग्राउंड नेटवर्क क्षमता और जनता से जुड़ाव की परीक्षा है।

# मां ने गलत संगत के चलते प्रेमी संग मिलकर कराया बेटे का कत्ल

**कानपुर देहात।** वह मां थी। नाम भी था ममता... पर पति की मौत के बाद वह गैर पुरुष के प्रेम में पड़ गई गई। बेटे को इसकी भनक लग गई तो वह संबंधों में बाधा बन गया। यह मां को नागवार गुजरा और ममता हार गई। उसने प्रेमी के साथ मिलकर बेटे की हत्या ही करवा दी।




कहानी सिर्फ इतनी ही नहीं है। उसने हत्या से पहले बेटे के नाम पर 40-40 लाख रुपये की चार बीमा पॉलिसी लीं ताकि बाद में सबको मोटी रकम मिल जाए। बीमा की रकम मिलने में दिक्कत न आए इसके लिए हत्या को दुर्घटना का रूप दिया लेकिन पुलिस ज्यादा तेज निकली। मामले का भंडाफोड़ करदिया। दो हत्यारे भी गिरफ्तार कर लिए गए। मां अभी फरार है।

27 अक्तूबर की सुबह यह मामला सामने आया। उस दिन सुबह-सुबह बेटे प्रदीप (23) का खून से लथपथ शव कानपुर-इटावा हाईवे के डेरापुर थाना क्षेत्र के बलहरामऊ के पास पड़ा मिला था। वह आंद्रप्रदेश में रहकर नौकरी करता था और दिवाली पर घर आया था। इस मामले में प्रदीप के बाबा जगदीश नायारण ने पौत्र की हत्या किए जाने का आरोप लगाया था।

**ग्रामीणों ने किया हंगामा** : गांव वाले भी नहीं माने और थाने पर हंगामा कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गांव के सुक्खा उर्फ ऋषि कटियार व उसके भाई मयंक उर्फ ईशू पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस घटना के खुलासे के लिए छानबीन के साथ आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

एएसपी राजेश पांडेय ने बताया कि मंगलवार रात को बरौर थानाध्यक्ष अमिता वर्मा ने टीम के साथ कुटरा मोड़ के पास अंगदपुर के ही ऋषि कटियार को घेर लिया। वह कार से था लेकिन वह गड्ढे में फंस गई। आरोपी ने भागने के प्रयास किया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई। वह पकड़ में आ गया। उसके पास से तमंचा और दो खोखे भी बरामद हुए।

**सिर पर हथौड़ी से वार कर मार डाला** : पकड़े गए हत्यारोपियों के अनुसार, सिर पर हथौड़ी से वार कर मार डाला। इसके बाद शव 26 अक्तूबर की रात को फेंका गया था। शव फेंकने का स्थान और हत्या के लिए हथौड़ी का चयन चतुराई से किया गया ताकि मौत का कारण हादसा ही लगे।

# ग्रामीण किशोरियों में सिगरेट-तंबाकू का सेवन अधिक, प्रजनन दर में गिरावट

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-5 के ताजा आंकड़ों ने जिले और प्रदेश में कई चौंकाने वाले रुझान सामने रखे हैं। रिपोर्ट के अनुसार गाजियाबाद समेत उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में किशोरियों और महिलाओं में सिगरेट व तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति नगरीय की तुलना में अधिक है।



**राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) - 5 के ताजा आंकड़े**

ग्रामीण क्षेत्रों में 9.1 प्रतिशत महिलाएं और नगरीय क्षेत्रों में 6.5 प्रतिशत महिलाएं (15 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग) किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करती हैं। पुरुषों में यह अंतर और अधिक दिखाई देता है। ग्रामीण पुरुषों में 47.6 प्रतिशत और नगरीय पुरुषों में 34.7 प्रतिशत तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं।

जिले में सर्वेक्षण कोविड-19 महामारी के दौरान दो चरणों में किया गया। पहला चरण 13 जनवरी से 21 मार्च 2020 और दूसरा चरण 28 नवंबर 2020 से 19 अप्रैल 2021 के बीच संपन्न हुआ। जिले में कुल 716 परिवारों को सर्वे में शामिल किया गया। इनमें 805 महिलाएं और 76 पुरुषों से विस्तृत जानकारी ली गई।

**ग्रामीण क्षेत्रों में 9.1% और शहरों में 6.5% महिलाएं तंबाकू का सेवन करती हैं**

एनएफएचएस-5 के अनुसार प्रदेश की कुल प्रजनन दर घटकर 2.4 रह गई है, जो पिछले सर्वेक्षण में 2.7 थी। ग्रामीण इलाकों में यह दर 2.5 और नगरीय क्षेत्रों में 1.9 दर्ज की गई। पांच वर्षों में 0.3 अंकों की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे जनसंख्या वृद्धि दर में मंदी का संकेत मिलता है।

जिले में महिलाओं की शिक्षा और जागरूकता में भी सुधार देखा गया है। 80.1 प्रतिशत महिलाएं साक्षर हैं। 10वीं या उससे अधिक शिक्षा प्राप्त करने वाली महिलाओं का प्रतिशत 55.2 है। 91.7 प्रतिशत महिलाएं स्वच्छ माहवारी साधनों का उपयोग कर रही हैं।

20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की केवल 8 प्रतिशत महिलाएं 18 वर्ष की उम्र से पहले विवाह के बंधन में बंधीं। परिवार नियोजन साधनों का उपयोग करने वाली महिलाओं का प्रतिशत 72.7 दर्ज किया गया। इनमें आधुनिक साधनों का उपयोग 51.1 प्रतिशत महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

**मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार** : रिपोर्ट के अनुसार, 77.2 प्रतिशत माताओं ने गर्भावस्था की पहली तिमाही में जांच कराई, जबकि 62 प्रतिशत ने कम से कम चार बार प्रसव पूर्व जांच कराई। 86 प्रतिशत माताओं का अंतिम प्रसव नवजात टिटनेस से सुरक्षित रहा और 95.5 प्रतिशत को मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड मिला। प्रसव के दो दिनों के भीतर 84.8 प्रतिशत माताओं को चिकित्सीय देखभाल मिली। जिले में संस्थागत प्रसव का औसत 86.4 प्रतिशत रहा।

सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में 40.7 प्रतिशत और निजी संस्थानों में 45.7 प्रतिशत प्रसव दर्ज हुए। शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी प्रगति दर्ज हुई है। 12 से 23 माह आयु वर्ग के 68.5 प्रतिशत बच्चों को सभी जरूरी टीके लगाए गए। 82 प्रतिशत बच्चों को खसरे का पहला टीका मिला, जबकि 27.4 प्रतिशत को दूसरा टीका दिया गया। जन्म के पहले दो दिनों में 95 प्रतिशत नवजातों को स्तनपान कराया गया।

# सीएम रेखा गुप्ता को दीपावली-छठ की शुभकामनाएं महासम्मेलन में मुख्य अतिथि बनने का आमंत्रण स्वीकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली मुख्यमंत्री आवास पर सीएम रेखा गुप्ता को पुष्पगुच्छ, शाल और नंदी से सम्मानित कर दीपावली एवं छठ की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई तथा 14 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली आईटीओ स्थित प्यारेलाल भवन में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सूड़ी शौण्डिक महासम्मेलन एवं सह सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेतु निमंत्रण पत्र सौंपा गया, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में अपनी सहमति प्रदान की। भेंट करने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से शिवरतन प्रसाद गुप्ता अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज एवं राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय शौण्डिक संघ, पंकज जैन वरिष्ठ कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी दिल्ली संगठन, रंजन प्रसाद अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट एवं महासचिव दिल्ली सूड़ी समाज, वेद प्रकाश संपादक राष्ट्रीय सागर समाचार पत्र, हीरालाल प्रधान उपाध्यक्ष दिल्ली सूड़ी समाज, सुनील कुमार वरिष्ठ अधिवक्ता एवं उपाध्यक्ष दिल्ली सूड़ी समाज, अरुण पंजियार संगठन सचिव दिल्ली सूड़ी समाज तथा रामेश्वर कुमार वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे।

# साइबर ठगों ने एक ही दिन में पति-पत्नी के तीन खातों में लगाई सेंध, उड़ाए 10.70 लाख रुपये

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेज-1 में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपती के तीन बैंक खातों से साइबर ठगों ने एक ही दिन में 10.70 लाख रुपये निकाल लिए। ठगी का शिकार हुए दंपती ने बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत का आरोप लगाया है, वहीं पुलिस को शक है कि वारदात में किसी करीबी व्यक्ति का हाथ भी हो सकता है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अभियुक्त नानी और सोनी पुत्री डोरी लाल निवासी गली नंबर 6 किराएदार सुधा का मकान दीनदयालपुरी सिहानी गेट गाजियाबाद विविधवाद संख्या 908/16 वार्ड संख्या 190/16 सरकार बनाम नानी और सोनी धारा 363 366 354 आईपीसी और 7/8 पोक्सो एक्ट थाना सिहानी गेट।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शानू को उसके दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध-विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य या लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थी मीनू पुत्र श्री दीनू
निवासी खसरा नंबर- 280, पूजा कॉलोनी, देहात लोनी, जिला- गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 31 अक्टूबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# अगर नहीं भरा Enumeration फॉर्म तो नहीं कर पाएंगे मतदान
# गाजियाबाद में मतदाता सूची सत्यापन अभियान शुरू




## एसडीएम सदर अरुण दीक्षित की अपील, 'हर नागरिक की भागीदारी जरूरी'

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** लोकतंत्र में सबसे बड़ा अधिकार है मतदान। यही वह ताकत है जिससे नागरिक अपने प्रतिनिधि चुनता है, सरकारें बनती हैं और नीतियाँ तय होती हैं। लेकिन अब यह अधिकार उन्हीं के पास रहेगा जिन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी Enumeration Form (Annexure-III) समय पर भरकर जमा किया है। निर्वाचन आयोग ने देशभर में मतदाता सूची के अद्यतन और सत्यापन का एक व्यापक अभियान शुरू किया है, ताकि वोटर लिस्ट में किसी भी प्रकार की त्रुटि, दोहराव या फर्जी नाम न रह जाए।

गाज़ियाबाद जिला प्रशासन ने इस दिशा में काम तेज कर दिया है। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से विवरण एकत्र कर रहे हैं। यह फॉर्म अब हर उस नागरिक के लिए आवश्यक है जो आगामी चुनावों में मतदान का अधिकार पाना चाहता है। अगर आपने यह फॉर्म नहीं भरा या आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए, तो अगली मतदाता सूची से आपका नाम हटाया भी जा सकता है – यानी आप वोट नहीं डाल पाएंगे।

## क्या है यह Enumeration Form



- यह फॉर्म मतदाता सूची में दर्ज नाम, जन्मतिथि, पते और पारिवारिक पहचान की सही जानकारी दर्ज करने का माध्यम है।
- फॉर्म में मतदाता का नाम, EPIC (मतदाता पहचान पत्र) नंबर, मोबाइल नंबर, पिता/माता/पति/पत्नी का नाम, जन्म तिथि, पुराना पता और पुरानी मतदाता सूची में विवरण भरना होता है।
- इसमें पुराने फोटो के साथ current photograph चिपकाने का प्रावधान है, ताकि पहचान अद्यतन रहे।
- फॉर्म के अंत में मतदाता या परिवार के किसी वयस्क सदस्य का हस्ताक्षर अथवा अंगूठे का निशान आवश्यक है, जिसके बाद बीएलओ अपने स्तर पर इसकी पुष्टि करता है।

**मुख्य और जरूरी बातें**
- **बिना फॉर्म के वोट नहीं:** Enumeration Form नहीं भरने पर नाम सूची से हट सकता है।
- **युवाओं के लिए अवसर:** जो 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष के हो जाएंगे, वे पहली बार नाम जुड़वा सकते हैं।
- **बीएलओ का सत्यापन अनिवार्य :** बिना बीएलओ के हस्ताक्षर के फॉर्म मान्य नहीं होगा।
- **त्रुटि पर नोटिस:** गलत जानकारी देने पर ERO कार्रवाई कर सकता है।
- **ऑनलाइन सुविधा:** मतदाता स्वयं पोर्टल पर अपना नाम और विवरण जांच सकते हैं।


## अगर जानकारी गलत या अधूरी हुई तो नाम हटेगा

**करंट क्राइम।** जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि अगर फॉर्म में दी गई जानकारी पुराने रिकॉर्ड से मेल नहीं खाती, या नागरिकता के प्रमाण अधूरे हैं, तो संबंधित व्यक्ति को Electoral Registration Officer (ERO) द्वारा नोटिस भेजा जाएगा। नोटिस मिलने के बाद भी यदि दस्तावेज पूरे नहीं किए गए, तो नाम मतदाता सूची से काटा जा सकता है।




## जन्मतिथि और नागरिकता के आधार पर दस्तावेजों के नियम

निर्वाचन आयोग ने नागरिकों को तीन श्रेणियों में बाँटा है:
- 01 जुलाई 1987 से पहले जन्मे नागरिक: किसी सरकारी विभाग, बैंक, या स्थानीय निकाय द्वारा जारी पहचान पत्र या जन्म प्रमाणपत्र देना होगा।
- 01 जुलाई 1987 से 02 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे नागरिक: अपने साथ-साथ माता या पिता के जन्म संबंधी प्रमाण पत्र भी दे सकते हैं।
- 02 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे युवा: स्वयं या माता/पिता में से किसी एक का जन्म प्रमाण देना अनिवार्य है।
- विदेश में जन्मे भारतीयों को भारतीय मिशन द्वारा जारी Birth Registration Certificate देना होगा, और यदि उन्होंने बाद में भारतीय नागरिकता ली है तो Certificate of Naturalisation/Registration संलग्न करना होगा।



## गाज़ियाबाद में अभियान की रफ़्तार

**करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद जिला प्रशासन ने सभी बीएलओ को अपने क्षेत्र के प्रत्येक परिवार तक पहुंचने के निर्देश दिए हैं। साहिबाबाद, गाज़ियाबाद नगर, लोनी और मुरादनगर क्षेत्रों में फील्ड अधिकारी घर-घर जाकर Enumeration Form भरवा रहे हैं। बीएलओ को पुराने SIR (Special Summary Revision) रिकॉर्ड से नामों का मिलान कर District Election Officer (DEO) को रिपोर्ट सौंपनी है। अधिकारियों का कहना है कि इस बार बड़ी संख्या में नए मतदाता – विशेषकर 18 वर्ष के युवा – पहली बार नाम जुड़वाने के लिए आगे आए हैं। उनके लिए यह प्रक्रिया सबसे महत्वपूर्ण है।

## एसडीएम सदर अरुण दीक्षित ने की मतदाताओं से अपील
## 'मतदाता सूची में आपका नाम ही आपकी आवाज है'

**करंट क्राइम।** एसडीएम सदर अरुण दीक्षित ने जिलेवासियों से भावनात्मक अपील की है कि वे Enumeration Form को केवल औपचारिकता न समझें। उन्होंने कहा, जो नागरिक अपना फॉर्म नहीं भरेंगे, वे मतदान के दिन केवल दर्शक बनकर रह जाएंगे। लोकतंत्र में भागीदारी वही कर सकता है जिसका नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज है। इसलिए हर नागरिक को समय रहते यह फॉर्म भरना चाहिए। उन्होंने बताया कि बीएलओ को साफ निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रत्येक वार्ड और कॉलोनी में जाकर हर पात्र व्यक्ति का विवरण लें। हम चाहते हैं कि गाज़ियाबाद जिले में कोई भी पात्र नागरिक वोट देने से वंचित न रहे। यह अभियान न केवल एक प्रक्रिया है, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### क्या करें नागरिक

1. अपना और परिवार के सदस्यों का नाम https://voters.eci.gov.in पोर्टल पर जांचें।
2. बीएलओ द्वारा दिए गए Enumeration Form को सही-सही भरें और सभी आवश्यक दस्तावेजों की self-attested प्रतिलिपि लगाएँ।
3. बीएलओ को फॉर्म सौंपने के बाद उसकी रसीद या acknowledgment रखें।
4. यदि कोई त्रुटि या संदेह हो, तो सीधे ईआरओ कार्यालय से संपर्क करें।

## मान्य दस्तावेजों की सूची

निर्वाचन आयोग की सूचना पत्र के अनुसार, निम्न दस्तावेजों में से कोई भी self-attested प्रति लगाई जा सकती है:
1. सरकारी या PSU द्वारा जारी पहचान पत्र / पेंशन आदेश
2. बैंक, डाकघर, या एलआईसी द्वारा जारी पहचान पत्र (01.07.1987 से पहले जारी)
3. जन्म प्रमाण पत्र
4. पासपोर्ट
5. शैक्षणिक प्रमाण पत्र (Matriculation या उससे ऊपर)
6. स्थायी निवास प्रमाण पत्र
7. जाति प्रमाण पत्र (SC/ST/OBC)
8. परिवार रजिस्टर
9. भूमि/आवास आबंटन पत्र
10. NRC रिकॉर्ड (जहाँ लागू)

## चरण विवरण और तिथि

- विशेष प्रगण पुनरीक्षण की तैयारी, प्रशिक्षण और गणना पत्रों का मुद्रण - 28 अक्टूबर - 03 नवम्बर, 2025
- बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर Enumeration Form (गणना पत्र) वितरण और संकलन- 04 नवम्बर - 04 दिसम्बर, 2025
- प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन - 09 दिसम्बर, 2025
- दावे और आपत्तियाँ दर्ज करने की अंतिम तिथि - 09 दिसम्बर -31 दिसम्बर, 2025
- दावों की सुनवाई, निस्तारण और अंतिम सूची का प्रकाशन - 07 जनवरी, 2026

## बीएलओ की जिम्मेदारी

- हर मतदाता तक पहुंचकर गणना पत्र (Enumeration Form) उपलब्ध कराना और भरवाना।
- जिन मतदाताओं से संपर्क नहीं हो पाता, उनके घर पर तीन बार भ्रमण करना।
- वृद्ध, बीमार या दिव्यांग मतदाताओं को विशेष सहयोग देना।
- प्रत्येक भरे हुए फॉर्म की सत्यता बीएलओ नेट मोबाइल एप्लीकेशन (ECI App) पर अपलोड करना।
- गणना पत्र की हार्ड कॉपी पर बीएलओ व मतदाता दोनों के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं।



## सपा नेता अभिषेक गर्ग के कथन पर आया एमएलसी दिनेश गोयल का जवाब
# वो इंसान तो बहुत अच्छे हैं मगर दल चुन लिया उन्होंने गलत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में शिष्टाचार भी एक शब्द होता है और शिष्टाचार में भी कहे गये किसी कथन पर राजनीतिक लोग शिष्टाचार से ही अपनी प्रतिक्रिया जरूर देते हैं। दैनिक करंट क्राइम के आमना-सामना कॉलम में समाचार सम्पादक दीपक भाटी ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग से सवाल जवाब के क्रम में ये सवाल किया था कि एमएलसी दिनेश गोयल को लेकर आपकी क्या राय है आप राजनीति के क्षेत्र में उन्हें लेकर क्या विचार रखते हो।






इस सवाल के जवाब में सपा के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने एमएलसी दिनेश गोयल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा था कि एमएलसी दिनेश गोयल बेहद सरल , सच्चे और सीधे व्यक्ति हैं।

वो बेहद सामाजिक हैं, परोपकारी हैं। लेकिन जब राजनीति की बात आयी तो अभिषेक गर्ग ने कहा कि उनके व्यक्तित्व में इतनी खुबियां होने के बावजूद भी वो सही दल में नहीं हैं। उनके जैसे सहज और सरल व्यक्ति के लिए भाजपा में काम करने का स्कोप नहीं है। एमएलसी दिनेश गोयल ने भी सियासत को लेकर अपने व्यक्तिव के बारे में सपा नेता द्वारा कहे गये कथन के नहले पर अब अपने बयान का दहला मारा है। एमएलसी दिनेश गोयल ने सपा के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभिषेक गर्ग समाज के बेहद सभ्य और सभ्रांत परिवार से आते हैं। वो उच्च शिक्षित हैं और सौहार्द तथा सौम्य व्यवहार के मालिक हैं। लेकिन इन सब खूबियों के बावजूद भी मैं इतना कहूंगा कि वो आदमी अच्छे हैं लेकिन पार्टी उन्होंने गलत चुन ली है।

इस बयान पर मुस्कुराते हुए एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि गलत पार्टी में एक सही आदमी का होना भी राजनीतिक रूप से गलत माना जायेगा। उन जैसे अच्छे व्यक्ति को राजनीति के लिए ठीक राजनीतिक दल का चयन करना चाहिए।

## यूपी गेट के बाद फिर हो गए सपा के जिला और महानगर संगठन वाले लेट
# आकर चले गए शिवपाल यादव नहीं मिला किसी को कोई अपडेट






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के नेता जहां 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति, प्लानिंग और संगठन बढ़ाने पर जोर देने के दावे करते हैं, लेकिन उनकी पार्टी के बड़े और प्रमुख नेता शहर और महत्वपूर्ण स्थान पर आकर चले जाते हैं और महानगर और जिला संगठन अनजान रह जाता है। यह वाक्ये बीते लगभग 25 दिन के दौरान दूसरी बार हो रहा है। पहला मामला जहां पांच अक्टूबर को यूपी गेट पर समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन और हरेंद्र मलिक बरेली हिंसा के बाद वहां जनप्रतिनिधियों और जनता से मिलने जा रहे थे, पर यूपी गेट पर गाजियाबाद पुलिस और दिल्ली पुलिस द्वारा दोनों को रोक लिया गया था। इस दौरान घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला लेकिन गाजियाबाद समाजवादी पार्टी महानगर और जिला इकाई का कोई भी पदाधिकारी, कोई वरिष्ठ कार्यकर्ता या ऐसा फेस जो एक्टिव मोड में रहता हो वहां नजर नहीं आया था। तो वहीं जानकारी मिली है कि बुधवार को भी समाजवादी पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव गाजियाबाद में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। बताया जा रहा है एक पूर्व आईएएस अधिकारी के घर आए थे। गाजियाबाद समाजवादी पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि इस कार्यक्रम की जानकारी भी संगठन और महानगर से लेकर जिला वाले पदाधिकारियों को नहीं मिली और वह आए और यहां शामिल होकर चले गए थे।

### पहले भी कई बार संगठन को नहीं मिली सूचना, क्यों नहीं है संगठन अपडेट

करंट क्राइम : इन दिनों समाजवादी पार्टी जहां आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मेहनत और रणनीति बनाने का दावा करती है लेकिन लगातार उनके वरिष्ठ नेताओं के गाजियाबाद और शहर में आने की जानकारी संगठन और जिला वाले पदाधिकारियों को नहीं मिल पा रही है। इसे क्या कहा जाए या तो ऊपर वाले संगठन और लोकल नेताओं से संपर्क नहीं कर रहे हैं या यहां के नेताओं का लखनऊ वालों से संबंधित वार्तालाप नहीं बन पा रहा है। मामला चाहे जो भी हो लेकिन यह 25 दिनों के भीतर दूसरा मामला है जब समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शहर में आए और लोकल नेताओं को इस बात की भनक तक नहीं लगी। इसके साथ ही ना ही कोई फोटो सामने आ पाया है।

## कौन था वो शख्स जिसने अध्यक्ष-विधायकों से छेड़ा हुआ था तराना
# बोला, विधायक जी मैं आपको जानता हूं और विधायक बोले कल दिन में आना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कभी कभी राजनीति में कुछ ऐसा घटित हो जाता है कि उस घटना के किस्से को काफी रूचि लेकर बताया और सुनाया जाता है। कुछ ऐसा ही सीन मधुबन बापूधाम थाने में तब घटित हो गया जब भाजपा पार्षद शीतल चौधरी के मामले में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, शहर विधायक संजीव शर्मा और मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी थाने पहुंचे। अब दोनों विधायक अपने अपने क्षेत्र में टीआरपी के केन्द्र हैं और जनता के बीच बेहद सहज और सरल हैं। जनराजनीति में ये भी होता है कि जनप्रतिनिधि भले ही व्यक्तिगत रूप से किसी को ना जानते हों मगर जन तो उन्हें जानते भी हैं और मानते भी हैं।



बताते हैं कि जब ये जनप्रतिनिधि थाने में बैठे थे तभी वहां पर एक व्यक्ति ने प्रवेश किया और इन तीनों को देखते ही उसने अपनी शिकायत को पीछे रखा और कहा कि मेरी किस्मत अच्छी है जो आप लोग मुझे मिल गये। बात यहीं समाप्त नहीं हुई और उस व्यक्ति ने जनप्रतिनिधियों को, महानगर अध्यक्ष को नमस्कार किया और कहा कि मैं भाजपा कार्यकर्ता हूं। सर नमस्ते के बाद उस व्यक्ति ने कहा कि मेरा व्यापार है और मेरी दुकार है, मेरे साथ लूट हो गयी है। फिर उसने दोनों जानकार लुटेरों के नाम भी बताये। अब पहली नजर में ही सब समझ गये कि क्या मामला है और शाम का समय है तो सामने वाला भी शाम वाले मूड मे है। यहां पर भाजपा जनप्रतिनिधियों की विनम्रता ये थी कि वो कतई भी रूड नहीं हुए और उन्होंने मूड मे दिख रहे सख्स को ये सुझाव दिया कि वो अपनी शिकायत एसीपी को बता दे। मगर शिकायत वाले सुझाव को लगभग इगनोर करते हुए वह सख्स घूमा और उसने एक एक करके सभी का नाम लिया और कहा कि मैं इन वाले विधायक जी को भी जानता हूं और मैं इन वाले विधायक जी को भी जानता हूं और सुनो मैं महानगर अध्यक्ष जी आपको भी जानता हूं। अब सामने वाला पूरी जान और पहचान बताई और अध्यक्ष से लेकर जनप्रतिनिधि तक पहचान ना पायें कि हूजूर आप कौन हैं। समझ तो सब रहे थे कि हूजूर भी पूरे सूरूर मे हैं लेकिन यहां पर जनप्रतिनिधियों ने अपना पूरा कर्तव्य निभाया। उस व्यक्ति को समझाया कि अपकी बात सही है मगर आप अपनी बात को एप्लिकेशन के रूप में एसीपी साहब को दे दो। अब शिकायत वाले का अंदाज ये कि सबकुछ छोड़ो और पहले हमारी बात पर ध्यान दो। उधर जनप्रतिनिधि कैसे बतायें कि वे किस मामले में थाने आये हुए हैं।

बहरहाल पार्षद वाले मामले की गहमा गहमी के सीन में ये सुरूर वाली एंट्री भी चर्चा का विषय रही। यहां पर तारीफ दोनों विधायकों की करनी होगी कि जनता के हर रंग को पहचानते हैं और वास्तव में जनप्रतिनिधि हैं कि जनता के हर रंग को आत्मसात भी कर लेते हैं। जनता का आदमी इन जनप्रतिनिधियों के सामने किसी भी अवस्था में आ जाये ये फिर भी बड़े दिल के साथ उससे बात कर लेते हैं।

# उद्योग बंधु बैठक में सख्त हुए डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़

**दूषित भूजल पर होगी सख्त कार्रवाई, उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान का निर्देश**



गाज़ियाबाद, करंट क्राइम। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने साफ कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए और किसी भी विभागीय लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भूजल प्रदूषण पर सख्त चेतावन। डीएम ने कहा कि भूगर्भ जल को दूषित करने वाले उद्यमियों या औद्योगिक इकाइयों पर नियमानुसार धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी औद्योगिक संगठनों से अपील की कि ऐसी इकाइयों की जानकारी प्रशासन को दें ताकि उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जा सकें।

शेष, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# "सुरक्षा पर उठते सवाल"

अमेरिका ने इस साल जून में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी कि भारत में महिलाएं अकेले यात्रा न करें। इस एडवाइजरी में कुछ राज्यों का जिक्र करते हुए कहा गया था कि भारत में रेप के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जब यह सलाह आई, तो काफी हंगामा मचा। इसे भारत के अपमान के तौर पर देखा गया, लेकिन इंदौर और कोलकाता की हालिया घटनाएं बताती हैं कि देश में महिलाओं की सुरक्षा वाकई चिंताजनक है। बस दो केस नहीं इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों से छेड़छाड़ हुई, जबकि कोलकाता में एक पांच सितारा होटल के नाइट क्लब में महिला से यौन हिंसा की गई। इंदौर की घटना दिन के उजाले में हुई, कोलकाता की रात में, लेकिन दोनों वारदात भीड़ भरे इलाकों में हुईं। दोनों जगह पुलिस ने तुरंत कार्रवाई का दावा किया, पर यह समस्या केवल इन दोनों मामलों तक सीमित नहीं है।

हर जगह असुरक्षित आम धारणा है कि देश के दूरदराज के इलाकों, छोटे शहरों या कस्बों के मुकाबले महानगरों में महिलाएं ज्यादा सुरक्षित हैं – वहां वे अपनी पसंद का पहन सकती हैं, कहीं आ–जा सकती हैं, लेकिन ये दोनों केस इस धारणा को गलत साबित करते हैं। इससे यही जाहिर होता है कि जगह कोई भी हो, लेकिन महिलाओं को लेकर सोच कमोबेश एक जैसी है और हर जगह उन्हें एक जैसे खतरों व चुनौती का सामना करना पड़ता है। अपराध की लंबी लिस्ट इंदौर और कोलकाता को केवल इसलिए भी महज दो घटनाएं कहकर खारिज नहीं कर सकते, क्योंकि देश में हर दिन ऐसी सैकड़ों घटनाएं होती हैं। ढउफ्इ का डेटा बताता है कि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4.5 लाख केस दर्ज किए गए। इसमें करीब 84 हजार केस छेड़खानी के थे, जबकि 29 हजार से ज्यादा मामले रेप के। गैर जिम्मेदार बयानबाजी इन आंकड़ों को खंगालिए तो पता चलता है कि महिलाएं कहीं सुरक्षित नहीं हैं – न घर में न बाहर। और अपराध की छाया हर उम्र पर पड़ रही है। ऐसे माहौल में जब मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के जैसा बयान आता है, जिसमें जिम्मेदारी पीड़िताओं पर डाल दी जाती है, तो इससे एक तरह से आरोपियों को बचने की ढाल मिल जाती है।

भरोसे का सवाल क्रिकेट विश्वकप बड़ा इवेंट है। आगे भी देश को कई बड़े आयोजनों की मेजबानी करनी है, पर ऐसी वारदात से विदेशी पर्यटकों, दर्शकों, खिलाड़ियों में भरोसा कम होता है। वारदात के बाद सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करना पर्याप्त नहीं है, जब तक समाज महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं बनेगा, तब तक आधी आबादी असल में सुरक्षित नहीं हो सकती।

# विकास और निवेश के दौर में एयर इंडिया एक्सप्रेस एमडी आलोक सिंह बोले- जल्द मुनाफे की उम्मीद



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया एक्सप्रेस के एमडी आलोक सिंह ने कहा कि यह हमारे व्यवसाय के विकास और निवेश का दौर है। इस वृद्धि को आत्मसात करने में थोड़ा समय लगता है। हम अभी भी नेटवर्क को पुनर्गठित कर रहे हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा पहले से तय है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस इस समय निवेश और विकास के चरण में है और जल्द ही मुनाफे में आने की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने एविएशन इंडिया और दक्षिण एशिया 2025 के दौरान यह जानकारी दी।

### व्यवसाय के लिए विकास और निवेश का दौर

सिंह ने कहा कि यह हमारे व्यवसाय के विकास और निवेश का दौर है। इस वृद्धि को आत्मसात करने में थोड़ा समय लगता है। हम अभी भी नेटवर्क को पुनर्गठित कर रहे हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा पहले से तय है।

### अककनेक्ट के साथ एयर इंडिया एक्सप्रेस का विलय

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने हाल ही में अक कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) के साथ विलय पूरा किया है। वर्तमान में एयरलाइन के पास 110 विमानों का बेड़ा है, जिसमें एयरबस A320, A321 और बोइंग B737 तथा B737 मैक्स शामिल हैं। सिंह ने कहा कि यह निवेश का चरण है, लेकिन यह एक लाभदायक व्यवसाय बनने जा रहा है।

### एयरलाइन का उद्देश्य

एयरलाइन ने पिछले महीने से एक व्यापक नेटवर्क अनुकूलन अभ्यास शुरू किया है। इसका उद्देश्य कनेक्टिविटी को बढ़ाना, हब संचालन को मजबूत करना, व प्रमुख बाजारों में आवृत्ति घनत्व का निर्माण करना है। शीतकालीन कार्यक्रम में एयरलाइन 114 घरेलू मार्गों पर 2,700 से अधिक साप्ताहिक उड़ानें और 70 मार्गों पर 780 छोटी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करेगी।

# 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए समुद्री शक्ति बनना जरूरी' : मंत्री मांडविया



**नई दिल्ली।** इंडिया मैरिटाइम वीक के दौरान श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए समुद्री क्षेत्र पर अधिक ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार सृजन की क्षमता है और पिछले 11 वर्षों में भारत में इस क्षेत्र में अच्छी प्रगति हुई है।

भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए समुद्री क्षेत्र पर अधिक ध्यान देना होगा। यह बात श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने इंडिया मैरिटाइम वीक 2025 के दौरान कही। मंत्री ने दावा किया कि पुर्तगाली खोजकर्ता वास्को डी गामा ने भारत के लिए समुद्री मार्ग की खोज नहीं की थी, बल्कि उन्होंने केवल गुजराती नाविकों का अनुसरण किया था।

18वीं शताब्दी में भारत एक बड़ी समुद्री शक्ति था

उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार सृजन की क्षमता है और पिछले 11 वर्षों में भारत में इस क्षेत्र में अच्छी प्रगति हुई है। मांडविया ने कहा कि भारत 18वीं शताब्दी तक एक बड़ी समुद्री शक्ति था, जिसे बाद में ब्रिटिश शासन ने नष्ट कर दिया। भारत का लगभग 95 प्रतिशत व्यापार मात्रा के हिसाब से व 70 प्रतिशत व्यापार मूल्य के हिसाब से समुद्र के रास्ते होता है।

मंत्री ने कहा कि जो देश समुद्र पर राज करते हैं, वे दुनिया पर भी राज करते हैं, इसलिए सरकार जहाज निर्माण के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए काम कर रही है।

# ऊंची कीमतों के कारण 2025 की तीसरी तिमाही में भारत में सोने की मांग 16 प्रतिशत घटी, निवेश में आई तेजी



**नई दिल्ली।** दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सराफा बाजार में खपत के बड़े हिस्से सोने के आभूषणों की मांग में 31 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 171.6 टन से घटकर 117.7 टन रह गई। हालांकि, आभूषणों की खरीद का मूल्य लगभग 1,14,270 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा।

सोने की बढ़ती कीमतों का असर देश में उसकी मांग पर भी पड़ रहा है। विश्व स्वर्ण परिषद ने गुरुवार को बताया कि 2025 की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की सोने की मांग मात्रा के आधार पर 16 प्रतिशत तक कम हुई है। परिषद् के अनुसार रिकॉर्ड कीमतों ने उपभोक्ताओं के बीच मांग घटा दी है। हालांकि, अधिक रिटर्न की उम्मीद में निवेश के नजरिए से इसकी खरीदारी में तेजी आई है। उद्योग निकाय के अनुसार तीसरी तिमाही में सोने की कुल मांग एक वर्ष पूर्व के 248.3 टन से घटकर 209.4 टन रह गई। हालांकि इसी अवधि में मूल्य के आधार पर मांग की गणना करें तो इसमें 23 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोने की मांग का मूल्य बढ़कर 1,65,380 करोड़ रुपये से 2,03,240 करोड़ रुपये हो गया। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सराफा बाजार में खपत के बड़े हिस्से सोने के आभूषणों की मांग में 31 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 171.6 टन से घटकर 117.7 टन रह गई। हालांकि, आभूषणों की खरीद का मूल्य लगभग 1,14,270 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। इससे यह जाहिर होता है कि सोने की बढ़ती कीमतों के बावजूद ग्राहक कीमतों से तालमेल बिठाने की कोशिश कर रहे हैं।

डब्ल्यूजीसी ने कहा कि निवेश के लिहाज से मांग में उल्लेखनीय मजबूती देखी गई। यह मात्रा के हिसाब से 20 प्रतिशत बढ़कर 91.6 टन हो गई। मूल्य के हिसाब से इसमें 74 प्रतिशत का इजाफा दिखा और यह बढ़कर 51,080 करोड़ रुपये से 88,970 करोड़ रुपये हो गई। विश्व स्वर्ण परिषद के भारत के क्षेत्रीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन जैन ने कहा, यह भारतीय उपभोक्ताओं के बीच मूल्य के दीर्घकालिक भंडार के रूप में सोने के प्रति बढ़ती रणनीतिक प्रतिबद्धता को जाहिर करता है।

बीती तिमाही के दौरान भारत में सोने की औसत कीमत बढ़कर 97,074.9 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। यह एक साल पहले की इसी तिमाही के 66,614.1 रुपये से 46 प्रतिशत अधिक है। इसमें आयात शुल्क और जीएसटी शामिल नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कीमतें औसतन 3,456.5 डॉलर प्रति औंस रहीं, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2,474.3 डॉलर प्रति औंस थीं।

# गिरावट के साथ बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार सेंसेक्स 592 अंक टूटा, निफ्टी 25900 के नीचे

**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 592.67 अंक गिरकर 84,404.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 176.05 अंक गिरकर 25,877.85 अंक पर आ गया। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को लाल निशान पर बंद हुआ। ताजा विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा भविष्य में ब्याज दरों पर निर्णय को लेकर कोई स्पष्टता नहीं होने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।



बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 592.67 अंक या 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,404.46 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 684.48 अंक या 0.80 प्रतिशत गिरकर 84,312.65 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 176.05 अंक या 0.68 प्रतिशत गिरकर 25,877.85 पर आ गया। मजबूत अमेरिकी डॉलर, कमजोर घरेलू बाजार और अमेरिकी फेड के आक्रामक रुख के कारण गुरुवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 48 पैसे गिरकर 88.70 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। वहीं, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और मारुति लाभ में रहीं। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जैसा कि अपेक्षित था, अमेरिकी फेड ने ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की।

हालांकि, अध्यक्ष जेरोम पॉवेल द्वारा यह संकेत दिए जाने के बाद कि यह 2025 की आखिरी ब्याज दर कटौती हो सकती है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एडिसन ने साल 1903 में एक हाथी को बिजली का झटका दे दिया था ताकि टेस्ला के एसी करंट को खतरनाक साबित कर सके।
- बबल व्रैप के, अल्फ्रेड फील्डिंग और मार्क चावेंस आविष्कारक मूल रूप से 3 डी प्लास्टिक वॉलपेपर बनाने की कोशिश कर रहे थे, जो कि उनकी विफलता थी। वेसिलीन के आविष्कारक रॉबर्ट चेसेब्रा, हर रोज एक चम्मच इसे खाते थे, उनका दावा था कि इसमें काफी स्वास्थ्य लाभ थे। वह 96 साल के थे।
- साल 1904 में, चाय बैग का आकस्मिक रूप से आविष्कार किया गया था, आविष्कारक थॉमस सुलिवन ने निर्णय लिया कि बक्से के बजाए रेशम बैग में संभावित ग्राहकों को छोटे नमूने भेजने के लिए सस्ता था। प्राप्तकताओं का मानना था कि वे dip करने वाले थे और जल्द ही सुलिवन को उनके 'चाय के बैग' के लिए ऑर्डर्स की बाढ़ आ गई थी।
- एनबीसी और एटी एंड टी ने कारपोरेट और सरकारी धमकियों का इस्तेमाल एफएम रेडियो के आविष्कारक एडविन आर्मस्ट्रांग के जीवन को नष्ट करने के लिए किया, जिससे उनको आत्महत्या करनी पड़ी।

# स्पोर्ट्सवियर बनाने वाली जर्मन कंपनी प्यूमा ने किया छंटनी का ऐलान, कहा- 900 लोगों की जाएगी नौकरी

**नईदिल्ली।** स्पोर्ट्सवियर निमार्ता कंपनी प्यूमा ने गुरुवार को छंटनी का एलान किया। जर्मन कंपनी 2026 के अंत तक वैश्विक स्तर पर अपने कॉरपोरेट कर्मचारियों की संख्या में 900 की कटौती करेगी।

जर्मनी की स्पोर्ट्सवियर निमार्ता कंपनी प्यूमा ने गुरुवार को छंटनी का एलान किया। कंपनी ने बताया कि वह 2026 के अंत तक वैश्विक स्तर पर अपने कॉरपोरेट कर्मचारियों की संख्या में 900 की कटौती करेगी। कंपनी ने यह फैसला अपनी बिक्री में आ रही लगातार गिरावट को देखते हुए लिया है। प्यूमा ने बताया कि तीसरी तिमाही में उसकी बिक्री मुद्रा समायोजन के आधार पर 10.4% घटकर 1.96 अरब यूरो (2.29 अरब डॉलर) रह गई। कंपनी की बिक्री में यह कमी ऐसे समय आई है जब कंपनी अपने उत्पादों की कम मांग और आयात पर अमेरिकी टैरिफ के कारण पड़े प्रभाव के बाद अपने प्रदर्शन को सुधारने की कोशिश में जुटी है।




# आयकर विभाग ने एक्साइड इंडस्ट्रीज के दफ्तरों और विनिर्माण इकाइयों का किया सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** बैटरी निमार्ता कंपनी एक्साइड इंडस्ट्रीज ने गुरुवार को बताया कि आयकर विभाग उसके कार्यालयों और विनिर्माण इकाइयों का सर्वेक्षण कर रहा है।




एक्साइड ने कहा है कि वह अधिकारियों के साथ सहयोग कर रही है और इस कदम का उसके व्यावसायिक संचालन पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। कंपनी ने कहा, वर्तमान में, उपरोक्त कार्रवाई के कारण कंपनी के व्यावसायिक संचालन पर कोई भौतिक प्रभाव नहीं पड़ा है।

यदि कोई और भौतिक बदलाव होता है तो उसके लिए सेबी लिस्टिंग विनियमों के तहत सूचना देने की आवश्यकता होती है। कंपनी ने कहा है कि यदि ऐसा होता है तो नियामकीय प्रावधानों के अनुसार आवश्यक खुलासे किए जाएंगे।

## राशिफल

**मेष:** आज हम परिवार में स्थिति की चर्चा करेंगे, आज हम अपनी मां के साथ कुछ खास करेंगे, जिससे मन में शांति की अनुभूति होगी।

**वृष:** किसी बड़े मामले में समझौता करने और सहयोग करने के लिए आपको तैयार रहना चाहिए। इस राशि के लोग जीवनसाथी के साथ डेट पर जा सकते हैं।

**मिथुन:** दिन परिवार वालों के नाम रहेगा, अच्छा खाएंगे और खूब आराम करेंगे। अगर घर खरीदने की योजना बनाई है तो आज आप इसके बारे में आगे बात करेंगे।

**कर्क:** धन लाभ होगा। किसी अजनबी से बहस न करें। पैसों के लेन–देन के मामले में किसी भी तरह का फैसला न लें। पैसों का लेन–देन न करें तो बेहतर होगा।

**सिंह:** आज का दिन उतार–चढ़ाव के बीच गुजरेगा। कई काम आपका ध्यान आकर्षित करेंगे, जिससे आप हड़बड़ी में दिन बिताएंगे और आराम नहीं कर पाएंगे।

**कन्या:** आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी. आपके कार्यों में सफलता का झंडा लहराएगा। इस राशि के छात्रों के लिए दिन महत्वपूर्ण है।

**तुला:** खुद पर विश्वास है तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है। आज आपके साथ भी कुछ ऐसा ही होगा। अपने आप पर विश्वास रखें, जिससे काम सफल होता रहेगा।

**वृश्चिक:** दिन खुशियों से भरा रहेगा। नौकरी में आपके प्रयास सफल होंगे। परिवार के सदस्यों से शुभ समाचार मिलेगा और आपके आत्म–सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु:** थोड़ा संभलकर रहना होगा। कोई नया काम हाथ में लेना ठीक नहीं रहेगा। उसमें कोई समस्या हो सकती है, पुरानी योजनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास करें।

**मकर:** दिन सामान्य रहेगा। मनोबल का स्तर अच्छा होने से काम अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। ऑफिस में आपकी रचनात्मकता पहले से बेहतर रहेगी।

**कुंभ:** आज के दिन परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। उनकी मदद से आप कोई भी काम करने में सफल होंगे, जिससे आपकी आमदनी भी बढ़ सकती है।

**मीन:** आपका झुकाव अध्यात्म की ओर अधिक रहेगा। माता–पिता के साथ मंदिर दर्शन के लिए कहीं जा सकते हैं। ऐसा करने से आपको लाभ मिलने की संभावना है।

## चुटकुले

पत्नी : सुनो जी, मैं मोटी लगती हूँ क्या?
पति : नहीं–नहीं, तुम तो प्यारी लगती हो!
पत्नी : झूठ बोलते हो!
पति : सच में, गोलू–मोलू टेडी बेयर जैसी!

मरीज : डॉक्टर साहब, मेरी याददाश्त बहुत कमजोर है!
डॉक्टर : कब से?
मरीज : क्या कब से?
डॉक्टर : बस इलाज छोड़ो, केस भारी है!

दोस्त : भाई, तेरा चेहरा इतना सूजा हुआ क्यों है?
गोलू : बीवी से बहस कर ली थी।
दोस्त : फिर?
गोलू : अब आईने में खुद को पहचानने की कोशिश कर रहा हूँ!

सास : बहू, आज खाना इतना खराब क्यों है?
बहू : क्योंकि नमक कम पड़ गया!
सास : नमक डाल देती!
बहू : आप ही तो कहती हैं कम बोलो!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## दूसरे टी20 के लिए प्लेइंग-11 में कोई बदलाव करेगा भारत?

**मेलबर्न।** भारत दूसरे टी20 के लिए प्लेइंग-11 में कोई बदलाव करेगा इसकी संभावना कम है क्योंकि पहला मैच बारिश में धुल गया था। ऐसे में रिंकू सिंह और अर्शदीप सिंह को एक बार फिर बाहर बैठना पड़ सकता है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार को मेलबर्न में पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था और मैच बेनतीजा रहा था। भारत के लिए इस मैच में शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अच्छी बल्लेबाजी की और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी हुई थी। सूर्यकुमार पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे थे, लेकिन उन्होंने पहले मैच से लय में वापसी की जो भारत के लिए राहत की खबर है।

**नीतीश रेड्डी का चोटिल होना चिंता की बात**

भारत के लिए इस मैच में रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, जितेश शर्मा, अर्शदीप सिंह और नीतीश रेड्डी नहीं खेल रहे थे। बाद में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया था कि चोटिल नीतीश पहले तीन टी20 के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। नीतीश को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच के दौरान चोट लगी थी और वह इससे अभी उबर नहीं सके हैं।

**रिंकू-अर्शदीप को मिलेगा मौका?**

भारत दूसरे टी20 के लिए प्लेइंग-11 में कोई बदलाव करेगा इसकी संभावना कम है क्योंकि पहला मैच बारिश में धुल गया था। ऐसे में रिंकू सिंह और अर्शदीप सिंह को एक बार फिर बाहर बैठना पड़ सकता है। भारत को कैनबरा में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला, लेकिन जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की मौजूदगी में भारत का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है।

उन्हें हालांकि मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के बल्लों पर अंकुश लगाना होगा जो अतीत में उनके लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। दूसरे मैच से पहले भारत के लिए अच्छी बात सूर्यकुमार का फॉर्म में लौटना है।

# लीग चरण की हार भुलाकर वापसी पर भारत की नजर

## क्या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चलेगा शेफाली का जादू?



**नवी मुंबई।** महिला वनडे विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 125 रन से हराकर दक्षिण अफ्रीका ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब बारी है दूसरे सेमीफाइनल की, जिसमें भारत की टक्कर ऑस्ट्रेलिया से होगी। इस मैच की विजेता टीम 2 नवंबर को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी।

### हरमनप्रीत से करिश्मे की उम्मीद

भाग्य के सहारे अंतिम चार में जगह बनाने वाली भारतीय टीम को महिला वनडे विश्व कप के गुरुवार को नवी मुंबई में होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा और उसे उम्मीद रहेगी कि कप्तान हरमनप्रीत कौर आठ साल पहले खेली गई जादुई पारी जैसा करिश्मा दिखाने में सफल रहेगी। हरमनप्रीत की 2017 में इंग्लैंड के डर्बी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 115 गेंदों में नाबाद 171 रन की पारी एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने महिला क्रिकेट को सुर्खियों में ला दिया था।

### निरंतरता के अभाव से जूझ रही भारतीय टीम

सात बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर जीत से न केवल भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि आईसीसी खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को भी पंख लग जाएंगे। भारतीय टीम के प्रदर्शन में अभी तक निरंतरता का अभाव रहा है और उसके पास ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को पराजित करने का यह सुनहरा मौका है लेकिन इसके लिए उसके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### प्रतिका के रूप में लगा झटका

वर्तमान विश्व कप में भारतीय टीम का प्रदर्शन अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है। पहले दो मैच में जीत के बाद उसे लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी की और सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही। लेकिन इस दौरान प्रतिका रावल चोटिल होकर टूनामेंट से बाहर हो गई जो भारतीय टीम के लिए करारा झटका है क्योंकि यह सलामी बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में चल रही थी।

अब गलती की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि भारत अब उन सभी प्रतिद्वंद्वियों के साथ सेमीफाइनल में है जिन्होंने लीग मुकाबलों में उसे पराजित किया था। लेकिन मैदान पर उतरने से पहले भारत को अपनी टीम संयोजन को लेकर कुछ सबसे प्रासंगिक सवालों का सामना करना पड़ेगा। बड़े शॉट लगाने वाली शेफाली वर्मा को टीम में शामिल करना आग में घी डालने जैसा है क्योंकि वह भारतीय योजना का हिस्सा नहीं थी और यही वजह थी कि वह भी रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल नहीं थी।

### शेफाली पर रहेंगी नजरें

उपकप्तान स्मृति मंधाना के साथ उनका रिकॉर्ड (25 पारियों में 37.20 की औसत से 893 रन) रावल और मंधाना के सलामी जोड़ी के रूप में 23 पारियों में 78.21 की औसत से 1,799 रनों से कमतर दिखता है। क्या भारत को शेफाली को चुनना चाहिए, जिनकी आक्रामक शैली विरोधियों पर दबाव बना सकती है और मंधाना के शानदार फॉर्म की बराबरी कर सकती है। या फिर उन्हें छठे गेंदबाज को शामिल करने के लिए हरलीन देओल को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारना चाहिए। भारतीय टीम प्रबंधन के लिए यह सबसे बड़ा सवाल है। हरलीन ने सात मैचों में 75.11 की औसत से बिना किसी अर्धशतक के 169 रन बनाए हैं, जो आकर्षक नहीं लगते हैं लेकिन क्रीज पर टिके रहने की उनकी क्षमता भारत को शीर्ष पर मजबूती प्रदान कर सकती है और मंधाना को एक परिचित सहारा भी दे सकती है जो रावल दूसरे छोर से प्रदान करती हैं।

### बारिश बिगाड़ सकती है खेल

बेमौसम बारिश के पूवार्नुमान के बावजूद पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल बनी हुई है और बड़े स्कोर का दबाव लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को परेशानी में डाल सकता है। इसके अलावा यह भी बड़ा सवाल है कि क्या भारत को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को टीम में बनाए रखना चाहिए या नहीं क्योंकि वह एक कुशल क्षेत्र रक्षक हैं और पिछले मैच में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी की थी। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि स्नेहा राणा अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

हरमनप्रीत अभी तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है और वह निश्चित तौर पर 2017 की पारी से प्रेरणा लेना चाहेगी।



भारत के लिए हालांकि मंधाना का प्रदर्शन बहुत मायने रखता है। उन्होंने अब तक इस टूनार्मेंट में 60.83 की औसत से 365 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम हर विभाग में मजबूत है। शायद ही कोई अन्य टीम हो जो उनके कौशल या दृढ़ता की बराबरी कर सके, लेकिन यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि टीम उस दिन कितना अच्छा खेल दिखाती है। ऑस्ट्रेलिया को इस बात का अच्छी तरह से एहसास होगा कि भारत उसके सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकता है।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 इस प्रकार है

**भारत :** शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, स्नेह राणा, श्री चरानी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), फीबी लिचफील्ड, एलिसे पेरी, बेथ मूनी, ताहलिया मैक्ग्रा, एश्ले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड, किम गार्थ, अलाना किंग, मेगन शट, डार्सी ब्राउन।

# IPL आगामी सत्र से पहले केकेआर को मिला नया मुख्य कोच

## अभिषेक नायर को सौंपी जिम्मेदारी

नायर चंद्रकांत पंडित की जगह लेंगे जिन्होंने आईपीएल 2025 सीजन के बाद फ्रेंचाइजी के साथ अपनी राहें जुदा कर ली थी। यह तय माना जा रहा था कि नायर को ही यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी और अब केकेआर ने इसकी पुष्टि कर दी है।



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के आगामी सत्र से पहले अभिषेक नायर को मुख्य कोच का जिम्मा सौंपा है। नायर चंद्रकांत पंडित की जगह लेंगे जिन्होंने आईपीएल 2025 सीजन के बाद फ्रेंचाइजी के साथ अपनी राहें जुदा कर ली थी। यह तय माना जा रहा था कि नायर को ही यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी और अब केकेआर ने इसकी पुष्टि कर दी है।

### केकेआर के साथ रहा है लंबा अनुभव

मुंबई के पूर्व ऑलराउंडर नायर का केकेआर के साथ लंबा अनुभव रहा है। यह तय माना जा रहा था कि भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रहे अभिषेक नायर को केकेआर में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है और अब केकेआर ने इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर दी। नायर केकेआर के सहायक कोच के रूप में टीम के बैकरूम स्टाफ में भी थे जब मेंटर गौतम गंभीर के नेतृत्व में टीम ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था।

### केकेआर का पिछला सीजन रहा था खराब

केकेआर का आईपीएल 2025 सीजन बेहद निराशाजनक रहा था, जहां 14 लीग मैचों में से केवल पांच जीत हासिल करने के बाद टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने में असफल रही थी। टीम इंडिया के सहायक कोच के पद से हटाए जाने के बाद नायर तुरंत केकेआर में लौट आए थे और फ्रेंचाइजी के सहयोगी स्टाफ में शामिल हो गए थे। इस साल की शुरूआत में नायर ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की फ्रेंचाइजी यूपी वॉरियर्स के मुख्य कोच की भूमिका भी निभाई थी।

नायर अपनी विश्लेषणात्मक मानसिकता और खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन निकलवाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों ने अपने खेल में सुधार के लिए सार्वजनिक रूप से उन्हें श्रेय दिया है। वहीं, हाल ही में वह भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ अभ्यास सत्र में भी नजर आए थे।

---

## क्रिकेटर नहीं..एक्टर सचिन

# मास्टर ब्लास्टर ने इनकम टैक्स में कैसे बचाए थे 58 लाख रुपये

**मुंबई।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने एक बार टैक्स अधिकारियों को यह कहकर चौंका दिया कि वे क्रिकेटर नहीं, बल्कि एक्टर हैं। यह जवाब न केवल बहस का मुद्दा बना, बल्कि इसी वजह से उन्होंने 58 लाख रुपये का इनकम टैक्स बचा लिया। हालांकि, यह मामला लगभग 22 साल पुराना है।

### मामला क्या था?

वित्त वर्ष 2002झ03 में सचिन तेंदुलकर ने ईएसपीएन, पेप्सी और विजा जैसी विदेशी कंपनियों से लगभग 5.92 करोड़ रुपये की विदेशी आय अर्जित की थी। यह रकम उनके विज्ञापन और कमर्शियल शूट्स से मिली थी। सचिन ने इस आय को क्रिकेट इनकम की बजाय सेक्शन 80आरआर के तहत दिखाया, जो अभिनेताओं, कलाकारों और लेखकों को विदेशी कमाई पर 30 प्रतिशत की टैक्स छूट देता है। इस प्रकार उन्होंने 1.77 करोड़ रुपये की कटौती का दावा किया।



### टैक्स विभाग से टकराव

हालांकि यह दावा टैक्स अधिकारियों को रास नहीं आया। उन्हें नोटिस जारी करते हुए कहा गया, 'आप एक क्रिकेटर हैं; आपके विज्ञापन केवल सहायक आय हैं। इसे अन्य स्रोतों से आय के तहत दिखाएं, 80आरआर लागू नहीं होगा।' हालांकि, सचिन पीछे नहीं हटे। उन्होंने अपने जवाब में कहा, 'मैंने मॉडलिंग और एक्टिंग का काम किया है। यह अभिनय का पेशा है, इसलिए सेक्शन 80आरआर मुझ पर लागू होता है।'

### सचिन के पक्ष में फैसला

मामला अंततः इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल (कळअळ) तक पहुंचा। ट्रिब्यूनल ने सचिन की दलील को सही ठहराते हुए कहा कि, 'अभिनय केवल बॉलीवुड फिल्मों तक सीमित नहीं है, बल्कि कोई भी ऐसा रचनात्मक प्रदर्शन जो कौशल, कल्पना और कला से जुड़ा हो, उसे भी अभिनय माना जा सकता है।'

## आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्डकप

# भारत-ऑस्ट्रेलिया का सेमीफाइनल देखने पहुंची अभिनेत्री करीना कपूर

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो रहे महिला विश्व का सेमीफाइनल मैच लाइव देखने स्टेडियम पहुंच चुकी हैं। एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी हैं। इससे पहले उन्होंने एक पोस्ट साझा कर भी इसकी जानकारी दी थी और भारतीय महिला क्रिकेटर के समर्थन की बात कही थी।

**स्टेडियम पहुंची करीना कपूर खान**

करीना कपूर खान मुंबई में चल रहे महिला क्रिकेट वर्ल्डकप के सेमीफाइनल मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का सपोर्ट करने पहुंचीं। इस मौके पर मैदान में एंकर से बात करते हुए करीना ने कहा- 'विमेंस क्रिकेट को बहुत सपोर्ट मिल रहा है वो देखकर अच्छा लग रहा है। जिस तरह हमारे खिलाड़ी परफॉर्म कर रहे हैं। खास तौर पर स्मृति मंधाना, वो काबिल-ए-तारीफ है।' सोशल मीडिया पर अभिनेत्री करीना कपूर के स्टेडियम पहुंचने के वीडियोज और फोटोज सामने आने लगे हैं।



# द. अफ्रीका के खिलाफ श्रेयस अय्यर के खेलने पर संशय

## इन 3 में से कौन होगा रिप्लेसमेंट?


**मुंबई ।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इन दिनों गंभीर चोट से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान उन्हें पेट में जोरदार चोट लगी, जिससे उनके स्प्लीन (तिल्ली) में कट लग गया और आंतरिक रक्तस्राव शुरू हो गया। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर आईसीयू में शिफ्ट किया गया।




अब चोट से उबर रहे श्रेयस ने फैंस को शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद कहा है और बताया है कि वह हर दिन के साथ बेहतर महसूस कर रहे हैं।

इससे पहले बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने बताया था कि अब श्रेयस की हालत स्थिर है, लेकिन उन्हें कम से कम दो महीने तक आराम की जरूरत है। इसका मतलब है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से बाहर रह सकते हैं।

यह सीरीज 30 नवंबर से भारतीय सरजमीं पर खेली जानी है। अय्यर के बाहर होने से अब उनकी जगह कौन लेगा, यह बड़ा सवाल है। ऐसे में आइए जानते हैं कि श्रेयस की गैरमौजूदगी में कौन उस सीरीज में उनकी जगह ले सकता है। उनके तीन संभावित रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के बारे में नीचे जानें...



### रियान पराग

असम के युवा ऑलराउंडर रियान पराग ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था। हालांकि, चोट के कारण वह जल्द ही टीम से बाहर हो गए। उन्होंने अब तक एक वनडे खेला है जिसमें 15 रन बनाए और नौ ओवर में तीन विकेट भी झटके। पराग नौ टी20 इंटरनेशनल मैच भी खेल चुके हैं, जहां उन्होंने 106 रन बनाए और चार विकेट लिए हैं। वह नंबर चार पर बल्लेबाजी करने के साथ-साथ पार्ट-टाइम गेंदबाजी का विकल्प भी देते हैं, जिससे टीम का संतुलन बेहतर हो सकता है।

### तिलक वर्मा

तिलक वर्मा हाल ही में एशिया कप टी20 फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी मैच-विनिंग पारी के लिए चर्चा में रहे। उन्होंने 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था और अब तक चार वनडे मैचों में 68 रन बनाए हैं। हालांकि, उनका औसत (22.66) बहुत अच्छा नहीं है, लेकिन वर्तमान फॉर्म में वह शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। नंबर चार पर स्थिरता और आत्मविश्वास लाने के लिए तिलक एक अच्छा विकल्प साबित हो सकते हैं। इसके अलावा वह पार्ट टाइम स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं।





### संजू सैमसन

अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन को ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था, क्योंकि वे आमतौर पर टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हैं। अब जब मिडिल ऑर्डर में जगह खाली है, तो सैमसन को मौका मिल सकता है। उन्होंने अब तक 16 वनडे मैचों में 510 रन बनाए हैं, औसत 56.66 का है, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। सैमसन आसानी से अय्यर की जगह नंबर चार पर खेल सकते हैं और टीम के लिए रन जुटा सकते हैं।

## 'हर गुजरते दिन के साथ...'

# चोट के बाद श्रेयस अय्यर का फैंस के नाम पहला संदेश








**मुंबई।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इन दिनों गंभीर चोट से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान उन्हें पेट में जोरदार चोट लगी, जिससे उनके स्प्लीन (तिल्ली) में कट लग गया और आंतरिक रक्तस्राव शुरू हो गया। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर आईसीयू में शिफ्ट किया गया।

अब चोट के बाद श्रेयस का फैंस के नाम पहला संदेश सामने आया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर फैंस को संदेश दिया है।

श्रेयस ने लिखा, 'मैं इस समय रिकवरी प्रक्रिया में हूं और हर गुजरते दिन के साथ बेहतर महसूस कर रहा हूं। मुझे मिली सभी शुभकामनाओं और सहयोग के लिए मैं दिल से आभारी हूं। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मुझे अपनी दुआओं और सोच में रखने के लिए धन्यवाद।'बीसीसीआई ने अपनी आधिकारिक प्रेस रिलीज में बताया, 'श्रेयस अय्यर को 25 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में पेट पर लगी चोट के कारण स्प्लीन में कट और आंतरिक रक्तस्राव हुआ। चोट की तुरंत पहचान की गई और रक्तस्राव को नियंत्रित किया गया। उनकी स्थिति अब स्थिर है और वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। 28 अक्तूबर को दोबारा किए गए स्कैन में सुधार देखा गया है और वह रिकवरी की राह पर हैं।' बीसीसीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि मेडिकल टीम सिडनी और भारत के विशेषज्ञों के साथ मिलकर लगातार श्रेयस की सेहत पर नजर रखेगी।

टीम इंडिया के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी श्रेयस की हालत पर बयान दिया। उन्होंने कहा, 'पहले दिन जब मुझे पता चला कि श्रेयस घायल हैं, तो मैंने उन्हें कॉल किया। लेकिन उनका फोन उनके साथ नहीं था, इसलिए मैंने फिजियो कमलेश जैन से बात की। पिछले दो दिनों से मेरी उनसे बात हो रही है। अगर वह रिप्लाई कर पा रहे हैं, तो इसका मतलब है कि वह स्थिर हैं। डॉक्टर उनकी देखरेख कर रहे हैं और वह ठीक हो रहे हैं।' श्रेयस अय्यर वनडे में टीम इंडिया के मध्यक्रम के प्रमुख बल्लेबाज माने जाते हैं। उनकी अनुपस्थिति निश्चित रूप से टीम के संतुलन को प्रभावित करेगी। हालांकि, राहत की बात यह है कि उनकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है और मेडिकल टीम को विश्वास है कि वह जल्द पूरी तरह स्वस्थ होकर वापसी करेंगे।

# उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने किया जीडीए की परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण

## प्रत्येक योजना का कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए : नन्दकिशोर कलाल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने गुरुवार को प्राधिकरण के सचिव, मुख्य अभियंता तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा कार्यों की प्रगति, निर्माण गुणवत्ता एवं स्थल पर उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों के कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मधुबन बापूधाम स्थित नवीन प्राधिकरण कार्यालय भवन और मधुबन बापूधाम स्थित परियोजना बुनकर मार्ट इसके अलावा मधुबन बापूधाम योजना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना , निमार्णाधीन आर.ओ.बी., मधुबन बापूधाम योजना प्राधिकरण की नवीन योजना हरनंदीपुरम योजना के अतिरिक्त राजनगर एक्स्टेंशन स्थित निमार्णाधीन सभी जोनल सड़कें नूरनगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना प्रस्तावित इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने कहा कि गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण की सभी परियोजनाएँ जनसुविधा एवं शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक योजना का कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के उच्चतम मानकों के साथ पूर्ण किया जाए। सभी परियोजनाओं को जनहित को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए, ताकि नागरिकों को शीघ्र सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने योजनाओं के अंतर्गत विकसित की जा रही अधोसंरचना और सुविधाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव भी दिए।

### मधुबन बापूधाम योजना में किया गया वृक्षारोपण

**करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल द्वारा मधुबन बापूधाम योजना परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता श्री आलोक रंजन सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष ने इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि हरित क्षेत्र बढ़ाना न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाता है, बल्कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए यह आवश्यक कदम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राधिकरण द्वारा विकसित योजनाओं में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए। गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे हरित अभियान के अंतर्गत यह पहल शहर को 'हरित एवं स्वच्छ गाज़ियाबाद' बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सेवी बिले डे सोसाइटी पदाधिकारियों पर एफआईआर



## जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की सख्ती से हड़कंप

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जनसुनवाई में लगातार मिल रही शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स टीम को एक्शन मोड में ला दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि किसी भी व्यक्ति का शोषण नहीं होने दिया जाएगा, शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारण कराना हमारी जिम्मेदारी है।

दरअसल, जनसुनवाई के दौरान सेवी बिले डे सोसाइटी, राजनगर एक्सटेंशन के निवासियों ने वित्तीय अनियमितता की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में डिप्टी रजिस्ट्रार, चिट्स एंड फंड कार्यालय द्वारा कराए गए ऑडिट में वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान पदाधिकारियों पर धोखाधड़ी और वित्तीय गड़बड़ी की पुष्टि हुई। इसके बाद जिलाधिकारी ने पुलिस आयुक्त से वार्ता कर संबंधित पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए, जिसके क्रम में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

नगर मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि शिलर इंस्टीट्यूट आर-6, राजनगर में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पुलिस की मौजूदगी में विधिवत पदभार ग्रहण कराया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार सदर आलोक यादव को मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया गया था, जिन्होंने थाना कविनगर प्रभारी निरीक्षक के समन्वय में पद हस्तांतरण की कार्यवाही पूरी कराई।

जिलाधिकारी माँदड़ ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप हर नागरिक को स्वतंत्रता, सम्मान और अधिकार दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी की शिकायत का समाधान स्थानीय स्तर पर नहीं होता है तो वह सीधे जिलाधिकारी से संपर्क करे – हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।




### लंदन टू गुडगांवा – हाय मैं इस हवा में कहीं मर ही ना जांवा

ये सियासी हवा थी , लहर थी या आंधी थी मगर इस हवा में सब उड़ गये और फूल खिल गया। किसी ने कहा था कि मैं गाजियाबाद को गुड़गांवा बना दूंगा। किसी ने कहा था कि मैं लोनी को लंदन बना दूंगा। किसी ने कहा था कि मैं गाजियाबाद को इंदौर बना दूंगी। क्या बना है और क्या नहीं बना है सबकुछ जनता के सामने है। किसी ने स्टिंग टीम बनाई थी और आज तक पता नहीं कि उन्होंने भ्रष्टाचार करने वाले किस बाबू या अफसर का स्टिंग किया हो। गुड़गांवा वाले अपनी विरासत उस पार वाले को सौंपकर दिल्ली शिफ्ट हो गये। इंदौर वालों की तो टोर के किस्से ही चारो ओर है। ये हवा का ही तो कहर है कि आज शहर की हवा में जहर है। पूरे देश में पॉल्यूशन में शहर नम्बर वन आया है और सितम देखिये कि किसी भी जनप्रतिनिधि ने आगे आकर कोई सोल्यूशन भी नहीं बताया है। हर बात का ठीकरा पब्लिक के सिर फोड़ने वाले ये नेता अब पॉल्यूशन के लिए किसी अफसर को जिम्मेदार नहीं बता रहे हैं। वैसे ठीकरा तो मद वाले बड़े आराम से छठ वालों के सिर पर फोड़ देते मगर ये वोट बैंक इतना बड़ा है कि फिलहाल सियासत ये जोखिम लेगी नहीं। लंदन से लेकर गुड़गांवा तक पब्लिक ये गा रही है कि हाय मैं मर ही ना जावां।

### पार्षद पिटे, पार्षद को जेल, पार्षद को नोटिस और पार्षद पर चली गोली

नगर निगम में पहले भी फूल खिले हैं और मेयर वाली कुर्सी पर तो फ्लॉवर का ही कब्जा रहा है। मगर जब लगातार सरकार केसरिया है तब इन मौहल्ला लीडरों पर कैसे कहर बरस रहा है। नदिया पार वाले पार्षद जी का ठेली वाले से पंगा हुआ और फिर मुखिया से लेकर पार्षद जी आ गये मगर पुलिस ने पार्षद को जेल भी भेज दिया और मिश्रा जी की एक ईंट भी सीवर वाले उखाड़ नहीं पाये। फूल वाले पार्षद को हलवाई ने आंखे दिखाई और 10 करोड़ के नोटिस की हूल भी दे दी। पार्षद हसबैंड थान सिंह का बैंड मौहल्ले वालों ने ही बजा दिया। पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन ही आयी तब जाकर पुलिस ने की कार्रवाई। और अब पार्षद पर गोली चलने की बात सामने आ गयी। गोली वाली बात में कितना सच है ये जांच का विषय है मगर सवाल ये है कि इस बार के सदन में पार्षदों पर ही क्यों ये सब हो रहा है। वो भी तो जनसेवक हैं। मगर ऐसा क्या है कि कहीं मौहल्ले वाले पीट रहे हैं, कहीं पुलिस वाले पीट रहे हैं, कहीं हलवाई नोटिस दे रहा है। पता तो करो इन मौहल्ले वाले लीडरों के साथ आखिर ऐसा हो क्यों रहा है।

### हम नहीं करते हैं किसी भी मामले में अपने पार्षद को भूल कर भी फोन

शहर में चुनाव हुआ और लहर में ऐसे ऐसे जीत गये कि अब उस लहर का कहर मौहल्ले वाले भोग रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि ऐसे काम बताते हैं कि हमें नियम बताने पड़ते हैं। वहीं आरडब्ल्यूए वाले कह रहे हैं कि अजी हमें पार्षद से बताने की जरूरत क्या है। पार्षद और आरडब्ल्यूए की जंग का रंग ये निकलकर सामने आया है कि निगम वालों ने ऐसा खेल किया है कि चुना हुआ पार्षद ही जनता के बीच में फेल कर दिया है। आरडब्ल्यूए वालों ने कहा कि हम भूलकर भी अपने फूल वाले पार्षद को फोन नहीं करते हैं। हमारे पास माली से लेकर सुपरवाइजर और जेई से लेकर बड़े साहब का फोन नम्बर है। वास्तव में निगम के सभी कर्मचारी और अधिकारी बहुत अच्छे हैं। पब्लिक के एक फोन पर काम हो जाता है। हम सीधा उन्हें ही फोन करते हैं और पार्षद जी के अहसान से बच जाते हैं। उन्होंने भी हमें कह रखा है कि कोई भी बात तो सीधे हमें लिखित में एप्लिकेशन दे दो, चाहे तो फोन पर बता दो आपका काम हमें करना है और इन सबके बीच में पार्षद की कोई जरूरत ही नहीं है।

# एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने की कार्यपालिका मजिस्ट्रेटों के साथ गोष्ठी

## लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को पुलिस कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय-अपराध केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कमिश्नरेट गाजियाबाद के कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों एसीपी की गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों के न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से निरोधात्मक कार्यवाही से संबंधित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर बल देते हुए न्यायालय में तैनात कर्मचारियों की कार्यशैली पर सतर्क दृष्टि रखने और किसी भी प्रकार की लापरवाही के प्रति सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में विधिक प्रक्रिया के सुचारू संचालन एवं प्रभावी कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

# सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने लगाया जिलाधिकारी पर अपमान करने का आरोप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** फ्लैट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद , आर डब्लू ए फेडरेशन गाजियाबाद, कनफेडरेशन ऑफ आर डब्लू ए - उत्तर प्रदेश और लाइनपार आर डब्लू ए फेडरेशन के शीर्ष पदाधिकारियों का एक शीर्ष प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से निर्धारित समय 11.30 बजे मिलने पहुंचा। सदस्यों का कहना है कि प्रतिनिधि मण्डल को एक घंटे वेट कराया गया फिर जिलाधिकारी ने उन्हे कॉन्फ्रेंस हाल से अपने ऑफिस मे बुलाकर खड़ा करा दिया।

बच्चों ने कहा कि जिलाधिकारी ने उनसे पूछा कि तुम कौन हो, तुम्हारा पंजीकरण कहां है, तुम्हें यहां किसने बुलाया है। क्या तुम आर डब्लू ए के प्रतिनिधि हो जो सारे गलत काम करते हैं। प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व कर रहे वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा कि गाजियाबाद की सिविल सोसाइटी पूरे देश का नेतृत्व करती है कोरवा का मुख्यालय हैदराबाद मे है और नेतृत्व गाजियाबाद में है। हम यहाँ प्रदूषण के नियंत्रण पर चर्चा करने आए है। कर्नल त्यागी ने कहा कि जिलाधिकारी ने आधा घंटे बाद उन्होने फिर ऑफिस मे बुलाया और ऐसे व्यवहार किया जैसे हम अपराधी हों ।

प्रतिनिधि मंडल के अन्य सदस्य डा आर के आर्या, डा पवन कौशिक, जय दीक्षित, कैलाश चंद्र शर्मा और गौरव सेनानी ज्ञान सिंह ने बताया कि हम लोगों का रत्तीभर भी स्वार्थ नहीं है। हम किसी राजनैतिक पार्टी से कतई और दूर-दूर तक संबन्धित नहीं हैं हमे कोई वेतन नहीं मिलता और हम केवल और केवल समाज हित मे काम करते है। कर्नल त्यागी ने एक फूलो का गुलदस्ता जिलाधिकारी की टेबल पर रखकर कहा कि अब हम आपसे कोई वार्ता नहीं करेंगे।

प्रतिनिधि मंडल में गौरव सेनानी ज्ञान सिंह, तरुण चौहान, भुवनेश्वर पांडे, गणेश दत्त, राजेन्द्र त्रिपाठी, अवनीश त्रिपाठी, संदीप गुप्ता, मनोज अग्रवाल, डा आर के आर्या, डा पावन कौशिक, जय दीक्षित, कैलाश चंद शर्मा, गुरमेल सिंह सिद्धू, नमिता भल्ला, सुदीप साहू और कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी आदि शामिल थे।

# वेव सिटी पुलिस ने आईएमएस कॉलेज में नए आपराधिक कानूनों पर कराया जागरूकता कार्यक्रम







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** वेव सिटी थाना पुलिस द्वारा नए आपराधिक कानून जागरूकता अभियान 2.0 के अंतर्गत आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज, डासना में छात्रों को नए कानूनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व पुलिस उपायुक्त नगर के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (रि.) शिव शंकर सिंह एवं थानाध्यक्ष वेव सिटी ने महिला-बच्चा संरक्षण प्रावधान, साइबर सुरक्षा, तकनीक एवं फोरेंसिक के उपयोग सहित नए दंड प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। कॉलेज प्रबंधन, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नए कानूनों के प्रति जागरूक और कानून पालन हेतु प्रेरित करना है।

## जिले से लेकर सेक्टर लेवल तक के कार्यकर्ताओं को एसआईआर की गहन जानकारी देगी बसपा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। बसपा के मेरठ मंडल मुख्य प्रभारी विक्रम सिंह जाटव और मंडल प्रभारी मेघानंद के नेतृत्व में गुरुवार को गाजियाबाद जिला मुख्य कार्यालय पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य प्रभारी विक्रम सिंह जाटव ने कहा कि बूथ और सेक्टर प्रभारियों को सजग रहकर अपने-अपने बूथ पर समय से पहले कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए । 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए अभी से तैयारी में जुड़ जाने को कहा गया। जिला अध्यक्ष मनोज कुमार जाटव ने कहा कि बुधवार को लखनऊ में पार्टी अध्यक्ष मायावती ने मुस्लिम भाईचारा कमेटी की बैठक ली। बैठक के बाद सभी जिला एवं महानगर इकाइयों को क्षेत्र में बैठक कर मुस्लिम समाज को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में विधानसभा वार कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम सेन, पीएन गर्ग, महेश प्रजापति, मनोज कुमार, तिलकधारी, हेमचंद्र राव, प्रवेश तोमर, हाजी नजाकत, चौधरी हाजी इंतजार, आनंद सिंह, चंद्रशेखर, अनिल गौतम, धर्मपाल प्रधान, मुनव्वर राणा, देवेंद्र वर्मा लेखराज, जितेंद्र कुमार, संजय एडवोकेट, सत्येंद्र प्रधान, आलोक भारती, सोनू प्रधान, ओमवीर गौतम, नवीन गौतम, आफताब तोमर, लखमी सिंह, राहुल, अशोक सेठ चतर सिंह चित्र भैया मनोज हरिदत्त जाटव फिरोज, सुनील गौतम, प्रदीप कुमार, गंगा शरण बबलू, मांगेराम भारती, महेश राज, जगबीर सिंह, उदयवीर आदि उपस्थित थे।




# अभी और चलेगा मिशन शक्ति अभियान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट में महिला सशक्तिकरण का मिशन शक्ति वाला अभियान चल रहा था। इसे आगे भी जारी रखा जाएगा। वहीं सूत्रों ने बताया है कि जिस तरीके से गुरुवार को लाइन में लंबी बैठक चली है, उसमें तमाम तरीके के दिशा निर्देश दिए गए हैं। तो मिशन शक्ति केंद्रों के द्वारा बीते एक माह के दौरान किए गए कार्यों के साथ ही अन्य बातों पर समीक्षा और चर्चा भी की गई है। इसमें कमिश्नरेट वाले साहब और बाहर से आई मैडम ने भी ज्ञान दिया है। इसको लेकर बताया जा रहा है कि जिस तरीके से प्रदेश सरकार की मंशा है, उसी के अनुरूप पुलिस भी इस अभियान को बेहतर ढंग से करेगी। सुनने में आ रहा है कि अभीतक तो यह प्रथम अध्याय था, अब इसमें आगे अन्य कड़ियां जोड़ी जाएंगी ताकि महिलाओं को त्वरित न्याय मिल सके। उनको सुरक्षा का भाव जगाया जाएगा, साथ ही उनके साथ होने वाले अपराधों के मामले को लेकर भी पुलिस पहले से ज्यादा अधिक एक्टिव मोड में नजर आएगी।



इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शुक्रवार को पुलिसकर्मियों की दौड़ होगी। बताया जा रहा है की लौह पुरुष की डेढ़ सौवीं जयंती को लेकर जहां भगवा दल वाले बड़े आयोजन कर रहे हैं। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में दौड़ होगी। यह दौड़ डेढ़ किलोमीटर की होगी, इसमें कुछ खिलाड़ी और पुलिस के सेलिब्रिटी भी शामिल होंगे। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि महिला शक्ति अभियान को आगे कुछ दिन बढ़ाया जा सकता है। जिससे इसके बेहतर परिणाम आ सके। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि गुरुवार को उस परिसर में भी कुछ हंगामा हुआ है, जो महिला थाने और परामर्श केंद्र के निकट का बताया जा रहा है। सुनने में आया है कि एक वर्दी वाले से जुड़ा मामला होने के बाद मामला मारपीट और हंगाम की नौबत का आ गया था। मामला थाने तक पहुंचा, तो सुलझा लिया गया लेकिन जिस तरीके की घटना हुई थी, उससे चर्चा कई और भी सुनाई दे रही हैं। वहीं महिला अधिकारी होने के बावजूद भी महिलाओं को न्याय के लिए उधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सिटी से लेकर देहात और ट्रांस हिंडन तीनों ही ऐसे जोन हैं, जहां महिला एसीपी स्तर की अधिकारी तैनात हैं। इसके बावजूद भी महिलाओं को न्याय के लिए उच्च अधिकारियों के कार्यालय में दस्तक देनी पड़ रही है।

# थाना सिहानीगेट पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** । गुरुवार को हरिश्चंद्र त्यागी सार्वजनिक पुस्तकालय में थाना सिहानीगेट पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं युवाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारियों से अवगत कराना एवं उन्हें कानून की महत्वपूर्ण धाराओं की जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक अंजली कुमारी और उपनिरीक्षक पवन तिवारी ने पुस्तकालय में उपस्थित पाठकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों, साइबर क्राइम से बचाव, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न एवं अन्य कानूनों की जानकारी दी। साथ ही उपस्थित लोगों को जागरूक रहते हुए समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए आगे आने का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाना है, जिससे वे निर्भीक होकर अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम के दौरान पाठकों ने भी सुरक्षा संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर अधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक दिया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय प्रबंधन एवं स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे।

# आईएमएस गाजियाबाद, यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में इन्वेन्ट-2025 का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद, यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस द्वारा इंटर इंस्टीट्यूशनल टेक्निकल वार्षिक कार्यक्रम इन्वेन्ट-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया, मुख्य अतिथि अमित मंडाहर (फाउंडर एवं सीआईओ क्रेडो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड), विशिष्ट अतिथि सत्येंद्र सिंह (एजाइल कंसलटेंट एक्सेंचर), संस्थान की निदेशक प्रो.(डॉ.) जसकिरण कौर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. गगन वार्ष्णेय द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम में पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लाइंड कोडिंग, टेक क्विज, आईओटी फ्यूजन फार्स, आईटी गेमिंग एवं सर्किट रंगोली प्रमुखत: रहे। टेक्निकल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। टेक क्विज प्रतियोगिता में आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के आशीष साहू एवं अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज के आर्यन जायसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के शिवम गोयल और अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज के यश ने द्वितीय स्थान हासिल किया। सर्किट रंगोली प्रतियोगिता में आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस की अंशिका शर्मा, नेहा, स्वाति और चंचल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज की अंशिका त्यागी और आयुषी दुबे की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

ब्लाइंड कोडिंग प्रतियोगिता में अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज के कृष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के रोबिन कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं आईओटी फ्यूजन फोर्स प्रतियोगिता में केडीबी पब्लिक स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आईआईएलएम यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा के छात्रों की टीम द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के अंत में निदेशक ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विजित छात्र/छात्राओं को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रो. नीरू सक्सेना द्वारा उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा नेता गोपाल अग्रवाल ने अपनी बहन श्रीमती शिवरानी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि 'मेरी बहन शिवरानी का जन्मदिन मेरे लिए एक भावनात्मक अवसर है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वे हमेशा स्वस्थ, प्रसन्न और दीर्घायु रहें। उनका स्नेह और आशीर्वाद हमारे परिवार की सबसे बड़ी शक्ति है।' परिवार और शुभचिंतकों ने भी शिवरानी जी को जन्मदिन की बधाइयाँ देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। भावनाओं से सुसज्जित ये पोस्ट बनी दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# कनाडा से टैरिफ तनाव के बीच कार्नी से हुई ट्रंप की मुलाकात, बोले- बहुत अच्छी बातचीत हुई

**बुसान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के साथ व्यापारिक विवाद के बीच संबंधों में नरमी के संकेत दिए हैं। हाल ही में ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन से जुड़े एक 'फर्जी' विज्ञापन को लेकर कनाडा पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। दक्षिण कोरिया में आयोजित एपीईसी शिखर सम्मेलन के दौरान उनकी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाका हुई। ट्रंप ने कहा कि उनके साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई।





अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के साथ जारी विवाद के बीच संबंधों में नरमी के संकेत दिए हैं। हाल ही में ट्रंप ने अमेरिकी के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन से जुड़े एक कथित 'फर्जी' विज्ञापन को लेकर कनाडा के खिलाफ व्यापारिक विवाद को बढ़ा दिया था। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ट्रंप के साथ बुधवार रात दक्षिण कोरिया में आयोजित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन के दौरान एक रात्रिभोज में शामिल हुए थे।

एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, हमारी कल रात उनसे बहुत अच्छी बातचीत हुई। उनके इस बयान को कनाडा के साथ संबंधों में नरमी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि पिछले कुछ दिनों से दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ था।

ट्रंप ने कहा, तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने और शत्रुतापूर्ण कदम उठाने के कारण मैं कनाडा पर अब टैरिफ दस फीसदी और बढ़ा रहा हूं।

इस समय कनाडा के कई उत्पादों पर 35 फीसदी और उर्जा उत्पादों पर दस फीसदी टैरिफ लग रहा है। ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि नया टैरिफ किन उत्पादों पर लागू होगा।

इस विज्ञापन विवाद ने दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद तनाव को और बढ़ा दिया। सात अक्तूबर को ट्रंप और कार्नी ने वॉशिंगटन में व्यापार, सीमा सुरक्षा और द्विपक्षीय समझौतों पर बातचीत की थी।

उस समय ट्रंप ने कहा था कि यह समझौता बहुत जटिल है, शायद किसी भी अन्य व्यापारिक समझौते से अधिक, क्योंकि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं गहराई से जुड़ी हुई हैं। हालांकि कुछ सप्ताह बाद, एशिया यात्रा पर निकलने से पहले ट्रंप ने कार्नी से मुलाकात करने से इनकार कर दिया था। व्हाइट हाउस में उन्होंने कहा, नहीं, मेरी उनसे मिलने की कोई योजना नहीं है। इसके बाद ही उन्होंने टैरिफ बढ़ाने की घोषणा की और कनाडा पर 'फर्जी विज्ञापन' चलाने का आरोप लगाया। ट्रंप ने यह भी कहा कि कनाडा सुप्रीम कोर्ट के जरिए खुद को 'बचाने' की कोशिश कर रहा है।

### ट्रंप ने कनाडा पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा की

यह रात्रिभोज ऐसे समय में हुआ, जब पिछले हफ्ते अमेरिका और कनाडा के संबंध और तनावपूर्ण हो गए थे। ट्रंप ने हाल ही में कनाडाई से आयात पर दस फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि कनाडा ने 26 अक्तूबर को वर्ल्ड सीरीज (बेसबॉल चैंपियनशिप) के दौरान दिखाए गए एक टेलीविजन विज्ञापन में रीगन के 1987 के भाषण को तोड़-मरोड़कर पेश किया है।

### विज्ञापन में दावे को बताया फर्जी

रिपोर्ट के मुताबिक, यह विज्ञापन ओंटारियो सरकार की ओर से करीब 7.5 करोड़ डॉलर की लागत से तैयार कराया गया था, जिसमें यह दिखाया गया था कि रीगन टैरिफ (आयात शुल्क) के खिलाफ थे। ट्रंप ने इस दावे को 'फर्जी' बताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए टैरिफ का समर्थन करते थे, लेकिन कनाडा ने कहा कि वे नहीं करते थे! उनका विज्ञापन तुरंत हटाया जाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने उसे वर्ल्ड सीरीज के दौरान चलने दिया।

## चांद पर इंसान पहुंचाने को लेकर चीन ने दिया अपडेट



निमाणाधीन स्पेस स्टेशन के नए मिशन पर भी दी जानकारी

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को एलान किया कि वह वर्ष 2030 तक अपने अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने की दिशा में समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है। इसी के साथ चीन ने अंतरिक्ष भेजे जाने वाले अपने अगले ग्रुप का परिचय कराया। यह समूह चीन के अपने अलग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होगा, जिसका निर्माण कार्य जारी है। यह मिशन चीन की अंतरिक्ष के क्षेत्र में अग्रणी रहने योजना का हिस्सा है।

चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रवक्ता झांग जिंगबो ने कहा, फिलहाल इंसानों को चंद्रमा पर भेजने से जुड़ी सभी अनुसंधान और विकास परियोजनाएं सुचारू रूप से आगे बढ़ रही हैं। लॉन्ग मार्च-10 रॉकेट, चंद्र लैंडिंग सूट और एक्सप्लोरेशन व्हीकल जैसी परियोजनाएं जबरदस्त ढंग से आगे बढ़ रही हैं। हमारा 2030 तक चीन के किसी व्यक्ति को चंद्रमा पर उतारने का लक्ष्य दृढ़ है। चीन अपने निमार्णाधीन तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर दलों की नियमित अदला-बदली भी जारी रखे हुए है। प्रत्येक दल छह महीने तक स्टेशन पर रहकर वैज्ञानिक अनुसंधान करता है। नए दल में झांग लू, वू फेई और झांग होंगझांग शामिल होंगे। यह टीम शुक्रवार रात 11:44 बजे (चीनी समयानुसार) जियूक्वान प्रक्षेपण केंद्र से उड़ान भरेगी। झांग लू पहले भी शेनझोउ-15 मिशन का हिस्सा रह चुके हैं, जबकि वू फेई और झांग होंगझांग पहली बार अंतरिक्ष यात्रा करेंगे। यह टीम अपने साथ चार चूहों को भी ले जाएगी।

## युद्ध के बाद से इस्राइल ने वेस्ट बैंक में लगाए करीब 1000 बैरियर, फलस्तीनियों की आवाजाही प्रभावित

**सिंजिल।** हमास के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से इस्राइल ने वेस्ट बैंक के शहरों और कस्बों में करीब एक हजार अवरोधक (बैरियर) खड़े कर दिए हैं। इसने फलस्तीनियों की आवाजाही और रोजमर्रा की जिंदगी को और मुश्किल बना दिया है। स्थानीय सरकारी निकाय ने बताया। एक स्थानीय सरकारी निकाय ने यह जानकारी दी।

इस्राइली सेना ने 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध के बाद से वेस्ट बैंक में लोगों की आवाजाही और पहुंच पर नियंत्रण लगाया हुआ था। लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल में लगाए गए नए अवरोधकों की संख्या पहली बार इतनी ज्यादा है। फलस्तीनी सरकारी संस्था 'वॉल एंड सेटलमेंट रेसिस्टेंस कमीशन' के अनुसार, सात अक्तूबर 2023 को हमास के नेतृत्व वाले हमले के बाद से 916 गेट, बैरियर और दीवारें बनाई गई हैं।

वेस्ट बैंक में इस्राइली सेना की छापेमारी बढ़ गई है, जिनमें कई फलस्तीनी मारे गए या गिरफ्तार किए गए। इस्राइल कहता है कि उसका मकसद चरमपंथ को खत्म करना है। नए बैरियर में धातु के गेट शामिल हैं, जो कई गांवों और शहरों के प्रवेश



हमास के साथ युद्ध शुरू होने के बाद इस्राइल ने वेस्ट बैंक के शहरों और कस्बों में करीब एक हजार नए बैरियर खड़े कर दिए हैं, जिससे फलस्तीनियों की आवाजाही और दैनिक जीवन पर असर पड़ रहा है।

द्वाकर पर और शहरों के बीच लगाए गए हैं। ये गेट लोगों की आवाजाही को रोकते हैं। कभी-कभी इन गेटों पर इस्राइली सेना भी तैनात रहती है।

**सितंबर के पहले दो हफ्तों में 18 नए गेट लगाए गए: संयुक्त राष्ट्र**

फलस्तीनियों का कहना है कि ये गेट असमय खुलते और बंद होते हैं। कुछ गेट तो कई दिनों तक बंद रहते हैं। लोग कभी-कभी दोस्तों या रिश्तेदारों के घर सोने चले जाते हैं या पैदल गेट के चारों ओर घूमकर अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि सितंबर के पहले दो हफ्तों में वेस्ट बैंक में 18 नए गेट लगाए गए। इसके अलावा बड़े मिट्टी के ढेर और कंक्रीट के बैरियर भी हैं, जो फलस्तीनियों की आवाजाही और स्वास्थ्य व शिक्षा तक पहुंच को रोकते हैं। ये बैरियर सड़कों के बीच में लगाई गई हैं, जिससे कारें इनके चारों ओर नहीं जा पातीं।

नए गेटों में से कुछ उत्तरी और दक्षिणी वेस्ट बैंक को जोड़ने वाली सड़कों को भी बंद कर देते हैं, जिससे यहां के तीस लाख फलस्तीनियों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। अब वह यात्रा जो पहले 20 मिनट में पूरी होती थी, वह अब एक घंटे से अधिक समय ले रही है।

**लोगों की गतिविधियों की निगरानी के लिए लगाए गए हैं गेट: इस्राइली सेना**

इस्राइली सेना कहती है कि ये गेट लोगों को रोकने के लिए नहीं हैं, बल्कि लोगों की गतिविधियों को नियंत्रण और निगरानी में रखने के लिए हैं। नाम न बताने की शर्त पर एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि उनके बल वेस्ट बैंक में एक जटिल सुरक्षा स्थिति के तहत काम कर रहे हैं, जहां चरमपंथी आम लोगों के बीच छिप जाते हैं और इसलिए वहां विभिन्न क्षेत्रों में लगातार निगरानी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**'लोगों की जिंदगी पर नकारात्मक असर डाल रहे बैरियर'**

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ गेटों पर कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कि ये बैरियर उनकी जिंदगी पर नकारात्मक असर डाल रहे हैं। दीर डिबवान गांव के एज्जेदिन अल-सैयूरी ने कहा, मौजूदा हालात में सब कुछ बंद हो गया है। सब कुछ रुक गया है। गेटों की वजह से लोग उनके जिम नहीं आ पा रहे हैं और वे अब यह व्यवसाय बंद करने और देश छोड़ने का विचार कर रहे हैं।

## सदी के ताकतवर तूफान ने मचाई भारी तबाही

### क्यूबा में 30 की मौत, जमैका में राहत शिविरों में 25000 लोग

**क्यूबा।** सदी के सबसे ताकतवर तूफानों में से एक 'मेलिसा' ने क्यूबा, हैती और जमैका में भारी तबाही मचाई है। इस तूफान के कारण दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों घरों की छतें उड़ गईं, बिजली के खंभे गिर गए और जगह-जगह पानी से भरा मलबा दिखाई दे रहा है।

जमैका के सेंट एलिजाबेथ जिले के सांता क्रूज इलाके में भूस्खलन के कारण मुख्य सड़कें बंद हो गईं। गलियां कीचड़ के गड्ढों में



बदल गईं। लोग घरों से पानी निकालने की कोशिश करते दिखे। तूफान की तेज रफ्तार के कारण एक हाई स्कूल की छत भी उड़ गई। इस स्कूल का इस्तेमाल राहत शिविर के रूप में किया जा रहा था। अभी तक नुकसान का पूरा अनुमान नहीं लगाया जा सका है, क्योंकि कई इलाकों में बिजली और संचार व्यवस्था ठप है। जमैका की शिक्षा मंत्री डाना मॉरिस डिक्सन ने कहा, फिलहाल हम निश्चित रूप से कुछ नहीं कह सकते।

'मेलिसा' ने मंगलवार को जमैका में पांचवीं श्रेणी के तूफान के रूप में दस्तक दी थी, जिसकी हवाओं की रफ्तार 295 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

## प्रशांत महासागर में अमेरिका ने फिर बनाया नौका को निशाना

**नई दिल्ली।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेना ने प्रशांत महासागर के पूर्वी हिस्से में एक और नाव पर हमला किया है। हेगसेथ ने आरोप लगाया कि इस नौका पर नशीले पदार्थ ले जाए जा रहे थे। इस हमले में नाव पर सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। हेगसेथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि खुफिया विभाग ने पाया कि यह नाव एक पहचाने हुए मादक पदार्थ तस्करी मार्ग पर चल रही थी और उसमें ड्रग्स मौजूद थे। उन्होंने बताया कि अमेरिका की तरफ से हमला अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में किया गया और किसी अमेरिकी सैनिक को कोई नुकसान नहीं हुआ। हेगसेथ ने घटना का जो वीडियो साझा किया है, उसमें नाव को विस्फोट के साथ आग की लपटों में घिरते देखा जा सकता है।

गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन बीते दो महीनों से दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चला रहा है और वहां अमेरिकी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है। इन कार्रवाइयों से यह अटकलें तेज हुई हैं कि अमेरिका का असली मकसद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाना है। अमेरिका उन पर लंबे समय से मादक पदार्थों के जरिए आतंकवाद (नार्को-टेररिज्म) फैलाने का आरोप लगाता आया है।

## सिंगापुर का भारतीयों के लिए खास पर्यटन अभियान

### दोनों देशों की दोस्ती के 60 वर्ष पूरे होने का जश्न

**सिंगापुर।** सिंगापुर ने पर्यटन अभियान के साथ भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया है। सिंगापुर पर्यटन बोर्ड (एसटीबी) ने गुरुवार (30 अक्तूबर) को बताया कि जनवरी से सितंबर तक सिंगापुर में 9,23,211 भारतीय पर्यटक आए, जो 3 प्रतिशत की वृद्धि है। सिंगापुर पर्यटन बोर्ड इस साल भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने का जश्न 'जस्ट बिटवीन अस फ्रेंड्स' नाम के पर्यटन अभियान के साथ मना रहा है।

INDIA SINGAPORE 60 YEARS OF DIPLOMATIC RELATIONS



### भारतीय यात्रियों के लिए आकर्षक पैकेज

सिंगापुर पर्यटन बोर्ड के एक प्रवक्ता ने कहा, भारत से पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हमने कई मार्केटिंग साझेदारियां की हैं और पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कई बिक्री प्रचार अभियान शुरू किए हैं और भारतीय यात्रियों को आकर्षक पैकेज प्रदान किए हैं। जो कि द्वीपीय राज्य अपने साल के अंत के उत्सवों की शुरूआत कर रहा है, जो क्रिसमस और नए साल के जश्न के लिए तैयार हैं।

### 'जस्ट बिटवीन अस फ्रेंड्स' पहल

एसटीबी प्रवक्ता ने कहा, भारत और सिंगापुर के 60 साल के द्विपक्षीय संबंधों के उपलक्ष्य में हमने 2025 की शुरूआत में 'जस्ट बिटवीन अस फ्रेंड्स' पहल शुरू की है, जिसके तहत भारतीय पर्यटक सिंगापुर में विशेष सुविधाओं और ऑफर का आनंद ले सकते हैं।

आगंतुकों को कैपिटललैंड मॉल, चांगी एयरपोर्ट, ज्वेल चांगी एयरपोर्ट, आईओएन ऑर्चर्ड, पैरागॉन, सेंटोसा आइलैंड और मुस्तफा सिंगापुर सहित प्रमुख शॉपिंग सेंटरों और पर्यटन स्थलों पर छूट की पेशकश की गई।

### यूपीआई करने पर भी खास सुविधा

प्रवक्ता ने कहा, ₹खुदरा लाभों के अलावा हमने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के साथ भी सहयोग किया, जिससे भारतीय आगंतुकों को 130,000 से अधिक यूपीआई-सक्षम व्यापारियों पर निर्बाध भुगतान का आनंद लेने में सक्षम बनाया गया, जिनमें स्टारबक्स, बाचा कॉफी, चार्ल्स एंड कीथ, सबवे जैसे प्रमुख ब्रांड और चांगी एयरपोर्ट (शिला, लोटे, द कोको ट्रीज) के ड्यूटी-फ्री स्टोर शामिल हैं।

इस गति को आगे बढ़ाते हुए एसटीबी ने जुलाई 2025 में इंडिगो के साथ एक साल के समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, ताकि विशेष किराए, चुनिंदा सिंगापुर पैकेज और शहर के जीवंत आकर्षणों और पेशकशों को उजागर करने वाले सह-ब्रांडेड अभियानों के साथ पहुंच को बढ़ाया जा सके। प्रवक्ता ने बताया कि इस साझेदारी में इंडिगो के 6ई रिवॉर्ड्स और इंडिगो ब्लूचिप लॉयल्टी कार्यक्रमों के तहत संभावित सहयोग के साथ-साथ यात्रा व्यापार जुड़ाव गतिविधियां भी शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत सिंगापुर के लिए एक प्रमुख पर्यटक-सृजन बाजार बना हुआ है।

### भारतीयों की संख्या अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की औसत से ज्यादा

2024 में भारतीय पर्यटकों ने सिंगापुर में औसतन 6.33 दिन बिताए, जो अन्य अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के औसत से ज्यादा है। पिछले साल सिंगापुर में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन 21 प्रतिशत बढ़कर 1.65 करोड़ हो गया।

इस साल फरवरी में जारी एसटीबी 2024 के आंकड़ों के अनुसार, भारत, जो तीसरा सबसे बड़ा पर्यटक उत्पादक बाजार है, वहां से 1.2 मिलियन पर्यटक आए, इंडोनेशिया 2.49 मिलियन पर्यटकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और चीन 3.08 मिलियन पर्यटकों के साथ शीर्ष पर रहा।

## न्यूज डायरी

### फ्लोरिडा के विश्वविद्यालयों में एच-1बी वीजा पर नियुक्तियां समाप्त होंगी, गवर्नर डेसेंटिस का फरमान

**नई दिल्ली।** अमेरिका में एच-1बी वीजा का मुद्दा लगातार चर्चा में बना हुआ है। ताजा घटनाक्रम में फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने कहा है कि उनके राज्य में जितने भी विश्वविद्यालय हैं, वे अपने पदों पर नौकरियों के लिए अमेरिकियों को नियुक्त करें। गवर्नर के फरमान के मुताबिक कार्य वीजा पर विदेशी श्रमिकों को नहीं रखा जाएगा। उन्होंने कहा, 'देश भर के विश्वविद्यालय नौकरी करने के लिए उपलब्ध योग्य अमेरिकियों को नियुक्त करने के बजाय एच-1बी वीजा पर विदेशी श्रमिकों को आयात कर रहे हैं। हम फ्लोरिडा के संस्थानों में एच-1बी वीजा का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसीलिए मैंने फ्लोरिडा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को इस प्रथा को समाप्त करने का निर्देश दिया है।'

### पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनाती मामला: ट्रंप के आदेश पर विवाद

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओरेगन के पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड की तैनाती का फरमान सुनाया है। इस आदेश के अधिकार को लेकर एक संघीय मुकदमे की सुनवाई जिला न्यायाधीश करिन इमर्गट की कोर्ट में हो रही है। सुनवाई की शुरूआत में पुलिस कमांडर फ्रांज शोएनिंग ने बताया कि अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन भवन पर तैनात संघीय एजेंटों ने बार-बार अहिंसक प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस छोड़े। उन्होंने कहा कि संघीय अधिकारियों की कार्रवाई 'चौंकाने वाली' थी और राज्य तथा संघीय कानून इस तरह म्यूनिशन के इस्तेमाल की अनुमति नहीं देते। शोएनिंग ने बताया कि शहर के पुलिस अधिकारी भी इस दौरान आंसू गैस से प्रभावित हुए और पीछे हटने को मजबूर हुए। उन्होंने गवाही में कहा कि 18 अक्टूबर के प्रदर्शन में एक संघीय एजेंट द्वारा छोड़ा गया गैस गोला इमारत की छत पर जा गिरा, जिससे अन्य एजेंटों ने भी जवाबी फायरिंग शुरू कर दी, जबकि भीड़ में हिंसा के कोई संकेत नहीं थे। गौरतलब है कि जिला जज करिन इमर्गट ने पहले दो बार अस्थायी आदेश जारी कर ट्रंप को सैनिक भेजने से रोक दिया था। उन्होंने अपने आदेश में कहा था कि राष्ट्रपति ने घरेलू सैन्य तैनाती की शर्तें पूरी नहीं कीं। अब नौवें सर्किट कोर्ट की 11-सदस्यीय पीठ इस मामले की दोबारा सुनवाई करेगी। यह भी रोचक है कि डेमोक्रेट खेमे के दबदबे वाले शहर-शिकागो ने भी ट्रंप की इस नीति का विरोध किया है।

### रूस ने परमाणु क्षमता संपन्न पोसीडॉन अंडरवाटर ड्रोन का परीक्षण किया

**नई दिल्ली।** रूस ने अपने अत्याधुनिक परमाणु-सक्षम ड्रोन पोसीडॉन का सफल परीक्षण किया है। इस अंडर वाटर ड्रोन के परीक्षण की घोषणा खुदद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने की। बुधवार को मॉस्को के एक सैन्य अस्पताल में पुतिन ने कहा, मंगलवार को हुए परीक्षण में पहली बार ड्रोन को पनडुब्बी से इसके बूस्टर इंजन के जरिए लॉन्च किया गया और इसके परमाणु ऊर्जा यूनिट को सक्रिय किया गया। इसकी मदद से ड्रोन को कुछ समय तक ऊर्जा मिलती रही। पुतिन ने इसे 'बहुत बड़ी सफलता' बताया और कहा कि इसकी गति और गहराई के मामले में दुनिया में इसका कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इसे रोकने का कोई तरीका मौजूद नहीं है। रूसी मीडिया के अनुसार, 2018 में पहली बार प्रदर्शित किया गया पोसीडॉन गहरे समुद्र में चलने वाला मानवरहित ड्रोन / यंत्र है। इसमें परमाणु प्रणोदन प्रणाली लगी है। इस कारण यह लगभग असीमित दूरी तय करने की क्षमता से लैस है। लगभग 20 मीटर लंबा, 100 टन वजनी ड्रोन 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है और 1,000 मीटर से अधिक गहराई तक गोता भी लगा सकता है।

### नीदरलैंड्स आम चुनाव में मतदान समाप्त, दोनों खेमों के बीच कड़ा मुकाबला

**नई दिल्ली।** यूरोपीय देश नीदरलैंड्स के आम चुनाव में मतदान समाप्त हो चुके हैं। वोटिंग के बाद बुधवार को जारी एग्जिट पोल के नतीजों से मिले संकेत के मुताबिक दोनों खेमों के बीच बेहद कड़ा मुकाबला हो रहा है। देश के इस संसदीय चुनाव में 150 सीटों पर मुकाबला हो रहा है। इसमें 27 पार्टियों के कुल 1,166 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। सेंटर-लेफ्ट पार्टी डी66 को बढ़त मिलने के आसार हैं। दक्षिणपंथी और इस्लाम-विरोधी रुख रखने वाले गीर्ट विल्डर्स की पार्टी- पार्टी फॉर फ्रीडम दूसरे स्थान पर बताई जा रही है। देश के राष्ट्रीय प्रसारक- एनओएस की तरफ से जारी एग्जिट पोल के अनुसार, डी66 को 27 सीटें मिलने का अनुमान है। यानी 2023 के मुकाबले पार्टी के खाते में 18 सीटें अधिक आ सकती हैं। विल्डर्स की पार्टी को 12 सीटों का नुकसान होने की आशंका है। हालांकि, इस स्थिति में भी उसकी झोली में 25 सीटें आने की संभावना है। ये अनुमान 65 मतदान केंद्रों और लगभग 80,000 मतदाताओं के बीच सर्वेक्षण पर आधारित है। गौरतलब है कि 2023 के चुनाव में विल्डर्स की पार्टी ने 150 सदस्यीय प्रतिनिधि सदन में 37 सीटें जीतकर बड़ी सफलता हासिल की थी। बाद में गठबंधन सरकार गिरने के बाद उसका जनसमर्थन घटा। इस बार के चुनाव अभियान में प्रवासन नियंत्रण और किफायती आवास जैसी चिंताएं प्रमुख रहीं। नीदरलैंड्स में सरकार गठबंधन के सहारे गठित होना सामान्य माना जाता है। हालांकि, इस बार मुख्यधारा की पार्टियों ने संकेत दिया है कि वे विल्डर्स के साथ दोबारा गठबंधन करने में रुचि नहीं रखतीं। वहीं, सेंटर-लेफ्ट पार्टी के एक नेता फ्रांस टिम्मरमैन्स ने उम्मीद जताई कि उनकी पार्टी दक्षिणपंथी सरकार बनने से रोकने में सफल रहेगी।

### पाकिस्तान: आईईडी हमले में एक कैप्टन समेत छह सैनिक मारे गए

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को सुरक्षा बलों के काफिले पर हुए आईईडी हमले में एक कैप्टन समेत छह सैनिक मारे गए। सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के अनुसार, यह हमला अफगानिस्तान सीमा से सटे कुर्रम जिले के सुल्तानी क्षेत्र में हुआ। आतंकवादियों ने काफिले पर गोलीबारी की, जिसके बाद गोलीबारी के दौरान डोगर के पास आईईडी विस्फोट हुआ, जिससे भारी जनहानि हुई। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में सात आतंकवादी मारे गए। हाल के महीनों में पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में तेजी आई है, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में, जहां पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बनाया जा रहा है। यह बढ़ोतरी 2022 में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान द्वारा सरकार के साथ युद्धविराम तोड़ने के बाद देखी जा रही है। रविवार को भी सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान से दो घुसपैठ की कोशिशें नाकाम की थीं, जिसमें 25 आतंकवादी मारे गए।

### पाकिस्तान: सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान प्रांत में 18 आतंकवादियों को मार गिराया

पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने अशांत बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग खुफिया आधारित अभियानों में 18 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना गुरुवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बयान में कहा कि बुधवार रात क्वेटा जिले की चिल्टान पर्वत श्रृंखला और केच जिले के बुलेदा में दो अलग-अलग खुफिया आधारित अभियान चलाए गए। बयान के अनुसार, आतंकवादियों ने अपने ठिकानों पर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ की। बयान में कहा गया, तेज गोलीबारी के बाद चिल्टान में 14 और केच में चार आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए।

# उद्योग बंधु बैठक में सख्त हुए डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़

## दूषित भूजल पर होगी सख्त कार्रवाई, उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान का निर्देश





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने साफ कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए और किसी भी विभागीय लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### विकास कार्यों में तेजी के निर्देश

- इंद्रप्रस्थ योजना (पॉकेट-बी) में अधूरे सड़क और समतलीकरण कार्य तीन महीने में पूरा करने का आदेश जीडीए को दिया गया।
- लोनी औद्योगिक क्षेत्र में बंद पड़ी पानी की टंकियों की जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में देने के निर्देश यूपीसीडा अधिकारियों को मिले।
- दिल्ली-लोनी रोड पर नालों के गंदे पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 32 करोड़ की परियोजना मंजूर हो चुकी है, ड्रोन सर्वे रिपोर्ट एक सप्ताह में आने की उम्मीद है।
- अमृत स्टील कंपाउंड एरिया की सड़कों और नालियों का एस्टीमेट जल्द स्वीकृत कराने का निर्देश दिया गया।
- 33/11 केवी पावी पोस्ट पर जलभराव रोकने के लिए विद्युत विभाग को एक हफ्ते में लाइन शिफ्ट करने के आदेश।

### भूजल प्रदूषण पर सख्त चेतावनी

**करंट क्राइम।** डीएम ने कहा कि भूगर्भ जल को दूषित करने वाले उद्यमियों या औद्योगिक इकाइयों पर नियमानुसार धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी औद्योगिक संगठनों से अपील की कि ऐसी इकाइयों की जानकारी प्रशासन को दें ताकि उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जा सकें।

### अवैध कब्जे और अव्यवस्था पर एक्शन

करंट क्राइम। यदु गैस एजेंसी पार्क पर अवैध कब्जे की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई, जिसे 10 दिन में रिपोर्ट देनी होगी। औद्योगिक क्षेत्रों में अवैध रूप से खड़े वाहनों पर लगातार चालान कार्रवाई करने के आदेश भी दिए गए।

**निवेश और नई परियोजनाओं पर समीक्षा** : बैठक के बाद मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट2023 से जुड़े एमओयू पर अमल की समीक्षा की। भूमि आवंटन में देरी और विभागीय स्वीकृतियों की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए गए।

**प्रशासन और उद्योग की साझी अपील** : औद्योगिक संगठनों ने प्रशासन को आश्वासन दिया कि वे भूजल दूषण रोकने में पूरा सहयोग देंगे। डीएम ने कहा कि जिले में अवैध रूप से रासायनिक अपशिष्ट डालने वाली इकाइयों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर गाजियाबाद में पदयात्रा आज

## मोहन नगर से शहीद स्थल तक एकता का संदेश



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को गाज़ियाबाद में एकता और राष्ट्रीय एकजुटता का प्रतीक पदयात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 10:30 बजे मोहन नगर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल वाटिका से शुरू होकर शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन तक जाएगी।

जिला प्रशासन की ओर से आयोजित इस पदयात्रा में प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएँ, सामाजिक संगठन और नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार पटेल के विचारों – राष्ट्र की एकता, अखंडता और सेवा भावना – को जन-जन तक पहुँचाना है।

यात्रा की शुरूआत सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और राष्ट्रगीत के साथ होगी। इसके बाद प्रतिभागी बैनर और नारे लेकर शांति व एकता का संदेश देते हुए शहीद स्थल की ओर बढ़ेंगे।

# सरदार पटेल जयंती मुरादनगर विधानसभा यात्रा 16 नवंबर को

## भाजपा की आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत मुरादनगर विधानसभा कार्यक्रम योजना बैठक सम्पन्न







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महानगर गाज़ियाबाद द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत मुरादनगर विधानसभा कार्यक्रम योजना बैठक का आयोजन रूदाक्ष बैंकट हॉल, शास्त्री नगर, गाज़ियाबाद में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात सरदार पटेल 150वीं जयंती अभियान (विधानसभा यात्रा) की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद भारतीय, महानगर यात्रा संयोजक सरदार एस.पी. सिंह, ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी डैनी, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, मीडिया प्रमुख प्रदीप चौधरी, मंच संचालक गौरव चोपड़ा, प्रह्लाद दुआ, अमित रंजन, विधानसभा प्रभारी अरविंद भारतीय तथा मुरादनगर विधानसभा यात्रा संयोजक मोनू त्यागी सहित सभी प्रमुख दायित्वधारी उपस्थित रहे।

### कार्य योजना एवं दायित्व निर्धारण

**करंट क्राइम।** बैठक में भोजन, प्रचार, सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, यातायात, जनसंपर्क, आईटी, मीडिया, सोशल मीडिया एवं एसएमएस/व्हाट्सऐप समन्वय जैसी व्यवस्थाओं के लिए प्रमुख जिम्मेदारों की घोषणा की गई। गोपाल अग्रवाल, संजीव गुप्ता, मनोज वर्मा, राहुल गोयल, राहुल तोमर, गजेंद्र सिंह, विपिन चौधरी, अमित डबास, मनोज त्यागी, राजीव डागर, राजकुमार राजू, सोनू त्यागी, शिवा चौधरी, डॉ. आकाश सैनी, राहुल चौधरी, राजीव त्यागी, विपिन चौधरी, धीरज शर्मा, अनुज राघव, सोनू भाटी, कृष्णा त्यागी, अमित त्यागी, नितिन शर्मा, कपिल वशिष्ठ, संदीप चौरसिया, राहुल गिरी, विकास चौधरी, सुबोध प्रधान, बॉबी चौधरी, गुलशन, अक्षय अग्रवाल, शिवम शर्मा आदि को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

# फरवरी के पहले हफ्ते में देवबंद में दो दिवसीय धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महामंडलेश्वर और डासना स्थित शिव शक्ति मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद ने गुरुवार को देवबंद स्थित महाकालेश्वर ज्ञान मंदिर का दौरा किया इस दौरान उन्होंने ब्रह्मलीन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज की समाधि पर धर्म संसद आयोजित करने का संकल्प लिया।महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने अपने जीवन की पहली धर्म संसद अपने गुरु ब्रह्मलीन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज के आदेश पर कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनवाने और इस्लामिक जिहाद पर सरकार से श्वेत पत्र मांगने के मुद्दे पर यहीं आश्रम में आयोजित की थी। जिसके लिए उन्हें जेल जाना पड़ा था।




गुरुवार को एक बार फिर उन्होंने ब्रह्मलीन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज के शिष्यों के साथ बातचीत करके फरवरी के पहले हफ्ते में दो दिवसीय धर्म संसद आयोजित करने का निर्णय लिया।

यति नरसिंहानंद ने कहा कि यह धर्म संसद दारुल उलूम देवबंद और तालिबान के बढ़ते हुए प्रभाव का संपूर्ण मानवता और हिंदू समाज पर होने वाले प्रभाव पर चिंतन करेगी।यह धर्म संसद इस विषय में भी चिंतन करेगी कि इस्लामिक गुलामी आने पर हमारा भविष्य कैसा होगा और इस्लामिक भारत का संपूर्ण विश्व और मानवता पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने देवबंद के सभी हिंदुओं ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका समर्थन करने का आह्वान किया!

यहां आश्रम में अभिषेक त्यागी,सचिन इलू जड़ौदा पांडा,गुरदीप गुर्जर मीरगपुर,आकाश पुंडीर बड़ेडी,मनीष त्यागी,सुमित सैनी,राजीव धीमान,वसु राणा शुभरी,निशु चौधरी,मनोज त्यागी वास्तम,प्रदीप कुरड़ी,अनुज भरतपुर, गोलू त्यागी जड़ौदा पांडा सहित अनेक भक्तों ने उनका स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि आश्रम में यह तय किया गया कि धर्म संसद से पहले 9 दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा ताकि दैवीय शक्तियों का जागरण और दुष्ट शक्तियों का शमन और दमन हो सके।

# दिल्ली में अब नहीं जा सकेंगे पुराने ट्रक और मालवाहक

## 1 नवंबर से BS-III और BS-IV वाहनों पर रोक, गाज़ियाबाद बॉर्डर पर सख्त निगरानी शुरू



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली की हवा को साफ करने की दिशा में एक बड़ा फैसला लिया गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने आदेश जारी कर दिया है कि 1 नवंबर 2025 से भारत स्टेज –III (BS-III) और उससे पुराने सभी मालवाहक व व्यावसायिक वाहन दिल्ली में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। इस आदेश के बाद गाजियाबाद प्रशासन ने भी दिल्ली बॉर्डर पर सख्त निगरानी के निर्देश जारी किए हैं।

### गाज़ियाबाद बॉर्डर पर अब नहीं जाएंगे पुराने ट्रक



**करंट क्राइम।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गाज़ियाबाद ने बताया कि दिल्ली की सीमाओं पर अब ऐसे वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा, जो Bharat Stage–VI (BS-VI) मानक पर नहीं हैं। केवल CNG, LNG, इलेक्ट्रिक (EV) BS-VI डीजल वाहन ही दिल्ली में माल लाने-ले जाने के लिए प्रवेश पा सकेंगे। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम 1 नवंबर से दिल्ली बॉर्डर पर चेकिंग अभियान शुरू करेगी।

### BS-IV वाहनों को 31 अक्टूबर 2026 तक छूट

**करंट क्राइम।** हालांकि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने फिलहाल BS-IV श्रेणी के व्यावसायिक वाहनों को कुछ राहत दी है।

उन्हें 31 अक्टूबर 2026 तक दिल्ली में चलने की अस्थायी अनुमति दी गई है, लेकिन उसके बाद उनका प्रवेश भी पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। उसके बाद सभी मालवाहक वाहनों को केवल CNG, LNG या BS-VI मानक के इंजन वाले वाहनों में परिवर्तित करना होगा।

### प्रदूषण पर नकेल के लिए कड़ा एक्शन

**करंट क्राइम।** आयोग ने साफ कहा है कि दिल्ली में प्रवेश करने वाले पुराने मालवाहक वाहनों से प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। अब केवल स्वच्छ ईंधन या उन्नत मानक वाले वाहन ही दिल्ली में प्रवेश कर पाएंगे। गाज़ियाबाद और नोएडा दोनों जिलों में परिवहन विभाग व पुलिस की टीमें 1 नवंबर से दिल्ली बॉर्डर पर विशेष चौकसी में तैनात रहेंगी। पुराने वाहनों के प्रवेश पर न केवल रोक लगेगी बल्कि चालान और जब्ती की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### जनपद प्रशासन की चेतावनी

**करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद परिवहन विभाग ने जिले के ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों और ट्रक मालिकों को आगाह किया है कि वे समय रहते अपने वाहनों को नए BS-VI इंजन या CNG/LNG/Electric मॉडल में परिवर्तित करा लें।

विभाग ने कहा कि 1 नवंबर 2025 के बाद BS-III वाहनों के लिए दिल्ली का रास्ता बंद है। जो वाहन जबरदस्ती प्रवेश करेंगे, उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्य बातें

**1 नवंबर 2025 से: BS-III वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूर्णत:** प्रतिबंधित।

**31 अक्टूबर 2026 तक:** BS-IV वाहनों को अस्थायी छूट।

**अनुमति केवल:** CNG, LNG, Electric (EV) और BS-VI डीजल वाहनों को।

**कार्रवाई:** गाज़ियाबाद व नोएडा बॉर्डर पर परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त चौकसी।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जैसे जैसे खुल रही है तस्वीर वैसे वैसे सामने आ रही है तरह तहर की बात? कहने वाले ने कहा कि जब संबंध अच्छे थे तो कोई भरता था किसी के मोबाईल का बिल? ऐसे थे कुछ हालात? सामने आया है हर महीने बीस हजार देने का भी जिक्र? आखिर क्या वजह है कि करने वाले कर रहे थे इतनी ज्यादा किसी की फिक्र?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब भी वो देते हैं बैठक में कार्यक्रम को भव्य करने का पैगाम? सुना है ऐसा सुनते ही सूख जाता है मासूम भगवा कार्यकर्ताओं का गला? वो सोचने लगते हैं ना जाने अब पर्चा फटने वाला है किसके नाम? कहने वाले ने कहा कि फिर बचाने लगते हैं बचाने वाले भगवा पदाधिकारी से अपनी नजर? वो देखने लगते हैं इधर से उधर? इस कद्र बैठ गया है कईयों के दिल में डर? अब बैठक से ज्यादा उनको अच्छा लगता है अपना घर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मौहल्ले वाले इस बात पर हैं हैरान? बिरादरी की मैम्बर के साथ इतनी गम्भीर घटना घट गयी? फिर मौहल्ले वाले भुल्लन भैय्या अभी तक खामोश क्यों हैं श्रीमान? उनके पास तो वैसे भी समाज के अध्यक्ष पद वाली है जिम्मेदारी? अभी तक उन्होंने सोशल मीडिया पर आकर क्यों नहीं किया कोई भी वक्तव्य जारी? कहने वाले ने कहा कि भुल्लन भैय्या क्रांतिकारी हैं? आखिर इस मुद्दे पर कहां चला है उनका क्रांतिकारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज पूर्व राज्यसभा वाले कर रहे हैं अपना बर्थडे सेलिब्रेट? चप्पे-चप्पे पर लगे होर्डिंग्स ने घर घर तक पहुंचाया है यह अपडेट? कहने वाले ने कहा सांसद जी के बर्थडे के साथ उनके लाडले राहुल गोयल को भी मिला है इस प्रचार में जबरदस्त लिफ्ट? हर होर्डिंग पर इस चेहरे के बढ़िया वाले दीदार हुए हैं? ऐसा लग रहा है जैसे बर्थ डे से पहले ही अग्रवाल जी ने दे दिये हों अपने लाडले को बहुत सारे रिटर्न गिफ्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा पहलवान अपने प्रिय यश को पालने वाले पहलवान को यूं ही नहीं कर रहे हैं प्रमोट? पिक्चर के पीछे कहानी है कुछ खास? देने के लिए ये वाला सपोर्ट? कहने वाले ने कहा कि जब से पहलवान अपने प्रिय पहलवान के कर रहे हैं गुणगान? तब से हम देख रहे हैं यश को पालने वाले ने कम लेना शुरू कर दिया है भगवा कमान्डर का नाम? संदेश दिया जा रहा है यही लाजमी? पहलवान का ही है दूसरा पहलवान आदमी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** युवा वाले केन्द्र को लेकर मार्किट में चर्चायें हो रही हैं आम? चर्चा है कि इन चर्चाओं को दे रहे हैं व्यापार को करने वाले मंडल वाले भी अंजाम? उन्हें मिल रही है संगठन के वैश्य चेहरे से ही इस मैटर में ऑक्सीजन? इसलिए मैदान में आ गये हैं बाहर तरह तरह के रीजन? देने वाले दे रहे हैं तर्क? यहां के लैंडयूज को चेंज कराकर दूसरी जगह शिफ्ट किया जायेगा? युवा केन्द्र वाली लैंड को कुछ और लिफ्ट लिया जायेगा? तलाश रहे हैं तलाशने वाले कोई बड़ा खेल? ऐसी मार्किट में चर्चायें है नहीं मिला है हमको कोई मेल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमान्डर डाल डाल हैं तो भगवा पहलवान हैं पात पात? कुछ ऐसा ही नजारा हमने तब देखा जब कमान्डर लखनऊ गये मिस्टर पाल को लेकर अपने साथ? इधर पड़े उनके मुकुट वालों के यहां पर कदम? वैसे ही दिखाई दिया पहलवान का भी गम? थोड़ी देर में वो भी हो गये वहां पर प्रकट? दे दिया संदेश जहां तक तुम पहुंच रखते हो, हम भी पहुंच रखते हैं? भले ही तुम हो गये हो संगदिल सनम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात हमने देखी मैडम पार्षद वाले मामले में बहुत ज्यादा फाइन? इस बार गजब का रहा भगवा योद्धा के रिस्पोन्स वाला टाईम? वो कुछ ही मिनटों में सूचना मिलते ही पहुंच गये थानेदार के पास? फिर वहां पर मजबूती से संभाले उन्होंने सारे हालात? एक एक एक्शन पर रही उनकी नजर? कहने वाले ने कहा कि जब अध्यक्ष इतना एक्टिव हो तो फिर कार्यकर्ता को हो क्यों किसी बात का डर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक्सटेंशन वाले एरिये में हैं कोई मिस्टर वत्स? सुना है उन पर मेहरबान कमान्डर भी हैं और योद्धा भी? ना जाने क्या खूबी लेकर चल रहा है ये वाला सख्स? पता चला है इस चेहरे को मिलता है दोनों तरफ से सपोर्ट? ये भी होर्डिंग लगाकर सभी का लगवाता है ओके की रिपोर्ट? भले ही ना हो इस चेहरे के पास संगठन की जिम्मेदारी? मगर खिलवाने वाले खिलवाते हैं इसको सहसंयोजक वाली पारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पहुंचा दिये पहुंचाने वालों ने क्षेत्रीय वालों तक अपने दिल के जज्बात? कहा हम ज्यादा कुछ नहीं चाहते? बस आप सुन लो हमारी अरदास? उनसे कहो कि वो सहसंयोजक वाली जिम्मेदारी भी करें संगठन के चेहरों के ही नाम? हमें अच्छा नहीं लगता जब कोई करता है नया चेहरा काम? पता चला है इस बात को लेने वाले ने लिया है गम्भीरता से? दिया है उनको संगठन के लोगों को काम देने का पैगाम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में निगम ने 36 मालियों का किया विनियमितिकरण, नगर आयुक्त ने सौंपे पत्र

## शेष मालियों के पद सृजन हेतु शासन को किया गया पत्र प्रेषित - नगर आयुक्त








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उद्यान विभाग के 36 माली श्रमिकों का विनियमितीकरण कराया गया तथा पत्र भी दिए गए। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, तथा नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष अनुराग नगर सहित उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा माली श्रमिकों का उत्साहवर्धन करते हुए शहर हित तथा निगम हित में कार्य करने के लिए कहा गया।

उच्चतम न्यायालय से गाजियाबाद नगर निगम के 73 माली श्रमिक केस जीते, जिसके अनुपालन में वर्तमान में रिक्त 36 स्थाई माली के पद पर 36 माली श्रमिकों का विनियमितीकरण नगर आयुक्त द्वारा कराया गया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शेष माली श्रमिकों के पद सर्जन हेतु शासन को पत्र प्रेषित गया है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि 16 जुलाई 2005 से उक्त मालियों का विनियमितीकरण कराया जा रहा है, शासन द्वारा पद सृजित होने के बाद शेष माली श्रमिकों का भी विनियमतिकरण किया जाएगा। पत्र प्राप्त करने के बाद माली श्रमिकों द्वारा महापौर तथा नगर आयुक्त का धन्यवाद भी किया गया जिनको पत्र दिए जा चुके हैं उनकी कार्यवाही आगे बढाते हुए भुगतान की प्रक्रिया को भी तेज करने के लिए संबंधित टीम को तथा अधिकारियों को नगर आयुक्त द्वारा दिया निर्देशित किया गया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।